फाल्गुन कृष्णा - 11 ■ संवत 2080 ■ वर्ष - 11 ■ अंक - 220 ■ पृष्ठ - 8 ■ रु. 5/- चेन्नई » बुधवार » 06-03-2024 ■ www.dakshinbharat.com ■ Email : chennai@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत



தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित

5 हिंदू देवताओं का अपमान 'इंडि' गठबंधन के राजनीतिक एजेंडे की पहचान : भाजपा
6 सुप्रीम फैसलों ने बढ़ाया देश का मान
7 कांग्रेस द्वारा राम मंदिर उद्घाटन का न्यौता ठुकराने पर राहुल को माफी मांगनी चाहिए






## फर्स्ट टेक

### कंबोडिया में मंदिर के सामने विस्फोट, दो घायल

**नोम पेन्ह/एजेन्सी।** कंबोडिया के सिएम रीप प्रांत में प्रसिद्ध अंगकोर वाट मंदिर के सामने पार्किंग स्थल पर मंगलवार को एक बस विस्फोट में दो लोग घायल हो गये। सिएम रीप प्रांतीय पुलिस प्रमुख मेजर जनरल तेंग चन्नाथ ने बताया कि विस्फोट स्थानीय समयानुसार सुबह करीब साढ़े पांच बजे हुआ । घटना का प्रमुख कारण इंजन की खराबी माना जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच के अनुसार एक बस का इंजन दुर्घटनावश फट गया। घटना में तीन बसें क्षतिग्रस्त हो गयीं, पुलिस ने आगे की जांच जारी रखते हुए इलाके की घेराबंदी की है।

### 31 मार्च तक भर सकते हैं नया फॉर्म : आयकर विभाग

**नई दिल्ली/भाषा।** आयकर विभाग ने आकलन वर्ष 2023-24 के लिए गलत फॉर्म में ऑडिट रिपोर्ट दायर करने वाले न्यास (ट्रस्ट) एवं संस्थानों को 31 मार्च तक सही फॉर्म में दस्तावेज दाखिल करने की मंगलवार को मंजूरी दे दी। किसी भी कोष या संस्थान या ट्रस्ट या किसी विश्वविद्यालय या अन्य शैक्षणिक संस्थान या किसी अस्पताल की आय कुछ शर्तों को पूरा करने पर आयकर से मुक्त होती है। छूट का दावा करने के लिए पात्र होने की एक शर्त यह है कि उस ट्रस्ट या संस्थान को अपने खातों का ऑडिट करवाना होगा और निर्दिष्ट समय से पहले निर्धारित फॉर्म नंबर 10बी/ 10बीबी में ऑडिट रिपोर्ट पेश करनी होगी।

### गाजा में संघर्ष विराम के लिए वार्ता बेनतीजा समाप्त हुई : अधिकारी

**काहिरा/एपी।** गाजा में संघर्ष विराम और इजराइली बंधकों की रिहाई को लेकर हमास के साथ तीन दिनों की वार्ता मंगलवार को बेनतीजा समाप्त हो गई। मिश्र के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अमेरिका, कतर और मिस्र ने समझौता कराने के लिए मध्यस्थता करते हुए हफ्तों कोशिश की हैं। समझौते के तहत, हमास रमजान के महीने के दौरान संघर्ष विराम के एवज में 40 बंधकों को रिहा करेगा।

| 06-03-2024 | 07-03-2024 |
|---|---|
| सूर्यास्त 6:18 बजे | सूर्योदय 6:21 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 73,677.13 | 22,356.30 |
| (-195.16) | (-49.30) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 6,606 रु. | 77,000 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

## मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### घायल लोकतंत्र

कानून चीज है बहुत बड़ी,
सारे ही इसके हैं कायल।
हो जाएं नेता सावधान,
खुल चुकी सभी की ही फायल।
स्वागत को आतुर हैं जेलें,
जायेंगे अब रॉकी-रॉयल।
कृत्यों से शर्मिंदा जन-मन,
हो रहा तंत्र सारा घायल।।

# वंशवादी राजनीति को बढ़ावा दे रहा विपक्ष

## सोनिया 19 बार 'राहुल यान' लॉन्च करने में विफल रहीं : शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मुंबई/भाषा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को 'वंशवादी राजनीति को बढ़ावा' देने के लिए विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के नेताओं की आलोचना की और युवाओं से उन्हें वोट देने की अपील की जो लोकतंत्र को मजबूत करें। शाह ने उत्तर महाराष्ट्र के जलगांव जिले में एक युवा रैली को संबोधित करते हुए कहा, ''सोनिया गांधी की ओर से लॉन्च किया गया 'राहुल यान' 19 बार बुरी तरह विफल रहा। 20वीं बार के लिए प्रयास जारी हैं।''

राज्य के अकोला, जलगांव और छत्रपति संभाजीनगर की अपनी यात्रा के दौरान शाह ने रैलियों में आई भीड़ से उन दलों को वोट देने के लिए कहा जो लोकतंत्र को मजबूत करें। उन्होंने कहा कि युवाओं को केवल भाजपा में ही अवसर मिलेंगे।

शाह ने जलगांव रैली में कहा, ''(प्रधानमंत्री नरेन्द्र) मोदी एक व्यक्ति को चंद्रमा पर भेजने की कोशिश कर रहे हैं, और (कांग्रेस नेता) सोनिया (गांधी) अपने बेटे राहुल को 20वीं बार लॉन्च करने की कोशिश कर रही हैं। उन्होंने 19 बार कोशिश की, लेकिन वह कभी उन्हें गंतव्य तक पहुंचाने में सफल नहीं हुईं। उन्होंने कहा, ''सोनिया, राहुल को प्रधानमंत्री बनाने की कोशिश कर रही हैं, उद्धव (ठाकरे) अपने बेटे आदित्य को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं, (शरद) पवार अपनी बेटी को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं, ममता दीदी (ममता बनर्जी) अपने भतीजे को मुख्यमंत्री बनाना चाहती हैं, और (एमके) स्टालिन अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं।'' उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी की ओर से लॉन्च 'राहुल यान' 19 बार बुरी तरह विफल रहा है।

शाह ने आरोप लगाया कि मोदी का विरोध करने वाले 'इंडिया' के सहयोगी दल वंशवाद की राजनीति को बढ़ावा देते हैं।

## दुनिया की आतंकवाद फैक्ट्री है पाकिस्तान

**संयुक्त राष्ट्र/जिनेवा/भाषा।** संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) में जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाने पर भारत ने पाकिस्तान की आलोचना करते हुए कहा कि उसे अपने बेहद खराब मानवाधिकार रिकॉर्ड पर आत्मनिरीक्षण करना चाहिए। भारत ने कहा कि पाकिस्तान की वैश्विक पहचान ''दुनिया की आतंकवाद फैक्टरी' के रूप में बन गई है। जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन में अवर सचिव जगप्रीत कौर ने सोमवार को यूएनएचआरसी के 55वें नियमित सत्र में सामान्य बहस में देश के जवाब देने के अधिकार का प्रयोग किया। इससे पहले पाकिस्तान ने इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) की ओर से बोलते हुए अपने बयान में जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाया था। कौर ने कहा, हमने इस सत्र के दौरान पूर्व में मंच संभाला था।

# भारत कभी एक राष्ट्र नहीं रहा : ए. राजा

## भाजपा ने गिरफ्तारी की मांग की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चेन्नई/नई दिल्ली।** द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के सांसद ए. राजा के उस बयान से मंगलवार को विवाद खड़ा हो गया जिसमें उन्होंने कथित रूप से कहा है कि भारत कभी एक राष्ट्र नहीं रहा बल्कि यह एक उपमहाद्वीप है जहां विभिन्न प्रथाएं और परंपराएं हैं। इस पर न केवल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) बल्कि द्रमुक की सहयोगी कांग्रेस ने भी निंदा की है। भाजपा ने द्रमुक नेता की टिप्पणी को 'विभाजन' का आह्वान बताते हुए उनकी गिरफ्तारी की मांग की है। कांग्रेस ने भी कथित टिप्पणियों के लिए द्रमुक सांसद की आलोचना की और कहा कि बोलते समय उन्हें संयम बरतना चाहिए। यह विवाद विपक्षी दलों द्वारा पोस्ट किए गए वीडियो के बाद उपजा है जिसमें राजा कथित रूप से उक्त टिप्पणी करते दिख रहे हैं। राजा की रामायण और भगवान राम को लेकर की गई कुछ टिप्पणियां भी राष्ट्रीय पार्टियों को पसंद नहीं आईं। र

ाजा एक वीडियो में पार्टी द्वारा आयोजित एक बैठक को संबोधित करते हुए दिख रहे हैं, जिसमें वह कथित रूप से कहते हैं, भारत एक राष्ट्र नहीं है। इस बात को अच्छे से समझ लें। भारत कभी एक राष्ट्र नहीं रहा। एक राष्ट्र एक भाषा, एक परंपरा और एक संस्कृति को दर्शाता है और ऐसी विशेषताएं ही एक राष्ट्र का निर्माण करती हैं।

# फेसबुक, इंस्टाग्राम में आई तकनीकी समस्या, लॉग आउट हो गए थे अकाउंट

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**गूगल और मेटा के विभिन्न ऐप में नेटवर्क खराब होने की समस्या भारतीय समयानुसार रात नौ बजे के आसपास दर्ज की गई थी।**

**नई दिल्ली/भाषा।** जीमेल, यूट्यूब, फेसबुक एवं इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया मंचों के तमाम उपयोगकर्ताओं को मंगलवार को भारत समेत दुनिया के कई हिस्सों में अपने खातों के संचालन में मुश्किलों का सामना करना पड़ा।

गूगल और मेटा के अधीन संचालित विभिन्न सोशल मीडिया मंचों पर उपयोगकर्ताओं के खाते अचानक ही निष्क्रिय नजर आने लगे। उन्हें इन खातों को खोलने पर अचानक ऐप बंद होने की स्थिति का सामना करना पड़ रहा था।

ऐसी स्थिति में सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं ने अपनी समस्याओं के बारे में सूचना देने के लिए एक्स, व्हाट्सऐप और अन्य ऑनलाइन मंचों का सहारा लिया।

सोशल मीडिया नेटवर्क पर होने वाली गड़बड़ियों पर नजर रखने वाले मंच डाउन डिटेक्टर के मुताबिक, गूगल और मेटा के विभिन्न ऐप में नेटवर्क खराब होने की समस्या भारतीय समयानुसार रात नौ बजे के आसपास दर्ज की गई थी।

रोबोज डॉटइन टेक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी मिलिंद राज ने पीटीआई-भाषा से कहा, मैंने खुद कई बार कोशिश की लेकिन मैं अपने इंस्टाग्राम और फेसबुक खातों में लॉग-इन नहीं कर पाया। मुझे संदेह है कि यह एक वैश्विक साइबर हमला है।

# 'युवाओं को बढ़ावा देने से डरती है कांग्रेस'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



■ प्रधानमंत्री ने तेलंगाना में 7,200 करोड़ रुपए की परियोजनाएं शुरू कीं

**संगारेड्डी (तेलंगाना)/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि वह युवा नेताओं को बढ़ावा देने से 'डरती' है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टी अब 75-80 साल से अधिक उम्र के लोगों को अध्यक्ष नियुक्त कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि परिवारवादी पार्टियां उन्हें निशाना बना रही हैं क्योंकि वह उनके हजारों करोड़ रुपये के घोटालों का पर्दाफाश कर रहे हैं।

मोदी ने यहां भाजपा की एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने कभी कोई निजी हमला नहीं किया बल्कि परिवारवाद की राजनीति के खिलाफ आवाज उठाई है। उन्होंने कहा कि 'कांग्रेस और उसके दोस्त' अब उन्हें और उनके जनता रूपी 'परिवार' को गाली दे रहे हैं क्योंकि वह जनता को दी गई 'गारंटी' को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा, ''जब मैं परिवारवाद का विरोध करता हूं...क्योंकि यह लोकतंत्र के लिए खतरनाक है और युवाओं को नए अवसर नहीं देता है... तो वे इसका जवाब नहीं देते हैं लेकिन कहते हैं कि मोदी का कोई परिवार नहीं है।'' उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी पहले वंशवादी पार्टी नहीं थी।

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी ने कभी भी 50 साल से कम उम्र के किसी व्यक्ति को पदोन्नति नहीं दी। मोदी ने कहा, ''कांग्रेस पहले वंशवादी नहीं थी। यह 50 साल से कम उम्र के किसी भी व्यक्ति को बढ़ावा नहीं देती है। यदि उन्हें किसी को नियुक्त करना है तो वे किसी ऐसे व्यक्ति को नियुक्त करेंगे जो 75-80 वर्ष का हो, 85 वर्ष का हो। उन्हें डर है कि अगर 50 साल का आदमी आकर आगे बढ़ जाता है तो परिवार का क्या होगा।''

प्रधानमंत्री ने कहा कि जम्मू-कश्मीर से लेकर तमिलनाडु तक, जहां-जहां परिवार संचालित पार्टियां शासन कर रही हैं, वे राज्य 'बर्बाद' हो गए हैं। उन्होंने कहा कि वे परिवार मजबूत जरूर हुए हैं, लेकिन राज्य नहीं। उन्होंने जनता से सवाल किया, ''क्या इन परिवार द्वारा संचालित राजनीति को जारी रहने दिया जाना चाहिए?'' उन्होंने आरोप लगाया कि परिवार द्वारा संचालित ऐसी पार्टियां लोकतंत्र विरोधी, प्रतिभा विरोधी और युवा विरोधी हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब वह वंशवादी राजनीति की बात करते हैं तो 'वे कहते हैं कि मोदी का कोई परिवार नहीं है'। उन्होंने आरोप लगाया कि परिवार द्वारा संचालित ऐसी पार्टियां लोकतंत्र विरोधी, प्रतिभा विरोधी और युवा विरोधी हैं। उन्होंने कहा कि जब वह परिवारवादी राजनीति की बात करते हैं तो 'वे कहते हैं कि मोदी का कोई परिवार नहीं है ।'

## अदालती आदेश के बावजूद

# बंगाल पुलिस ने सीबीआई को नहीं दी शाहजहां शेख की हिरासत

## पश्चिम बंगाल सरकार ने आदेश को चुनौती देते हुए उच्चतम न्यायालय का रुख किया

**कोलकाता/नई दिल्ली/भाषा।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने मंगलवार को निर्देश दिया कि संदेशखालि में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर हमले का मामला और टीएमसी के निलंबित नेता शाहजहां शेख की हिरासत सीबीआई को सौंपी जाए। उच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल पुलिस को पूरी तरह से पक्षपातपूर्ण आचरण के लिए फटकार लगाई और कहा कि आरोपियों को बचाने के लिए जांच में देरी का हर प्रयास किया जा रहा है। उच्च न्यायालय द्वारा प्रवर्तन निदेशालय के अनुरोध को स्वीकार करने के कुछ ही घंटों के भीतर पश्चिम बंगाल सरकार ने आदेश को चुनौती देते हुए उच्चतम न्यायालय का रुख किया, लेकिन शीर्ष अदालत की पीठ ने याचिका को तत्काल सूचीबद्ध करने से इनकार कर दिया और उसके वकील से रजिस्ट्रार जनरल के समक्ष मामले का उल्लेख करने को कहा।



इस बीच, सीबीआई ने मामले की जांच अपने हाथ में लेने के लिए पश्चिम बंगाल पुलिस से संपर्क किया। एजेंसी की एक टीम शेख को हिरासत में लेने के लिए अर्धसैनिक बलों के साथ कोलकाता स्थित सीआईडी कार्यालय भी पहुंची, लेकिन उसे हिरासत नहीं सौंपी गई। सीआईडी ने कहा कि संदेशखालि के नेता को केंद्रीय एजेंसी को नहीं सौंपा गया, क्योंकि राज्य सरकार ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के एक आदेश के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में अपील की है।

## अदालत ने माना मौलाना तौकीर रजा को बरेली दंगे का मास्टर माइंड

**बरेली (उप्र)/भाषा।** बरेली की एक अदालत ने मार्च 2010 में कुतुबखाना क्षेत्र में हुए साम्प्रदायिक दंगे के लिये इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल (आईएमसी) के अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजा खां को 'मास्टर माइंड' करार देते हुए मंगलवार को उन्हें समन जारी कर आगामी 11 मार्च को तलब किया है। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता (एडीजीसी) दिगम्बर पटेल ने बताया कि अपर सत्र न्यायाधीश /त्वरित न्यायालय (प्रथम) रवि कुमार दिवाकर ने दो मार्च 2010 को बरेली के शहर कोतवाली और प्रेम नगर थाना क्षेत्रों में हुए साम्प्रदायिक दंगे के मामले में आईएमसी के अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजा खां को 'मास्टर माइंड' करार देते हुए उन्हें समन जारी करके 11 मार्च को तलब किया है। बरेलवी मुसलमानों के बीच खासा प्रभाव रखने वाले मौलाना तौकीर अपने तल्ख बयानों के लिये जाने जाते हैं।



# हिंद महासागर में देशों की स्वायत्तता और संप्रभुता की रक्षा कर रहा है भारत : राजनाथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/एजेन्सी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि भारत हिंद महासागर में देशों की स्वायत्तता और संप्रभुता की रक्षा करके यह सुनिश्चित कर रहा है कि क्षेत्र में किसी का एकाधिकार न रहे।

सिंह ने नेवल वॉर कॉलेज (एनडब्ल्यूसी), गोवा में नए प्रशासनिक और प्रशिक्षण भवन का उद्घाटन किया। इस आधुनिक इमारत का नाम 'चोल' है, यह नामकरण प्राचीन भारत के चोल वंश के शक्तिशाली समुद्री साम्राज्य को अर्पित श्रद्धांजलि है। रक्षा मंत्री ने विश्व स्तरीय अत्याधुनिक प्रशिक्षण सुविधा बनाने के लिए नौसेना की सराहना की, जो दुनिया की समुद्री शक्तियों के बीच भारत के कद को यथोचित रूप से दर्शाता है।

रक्षा मंत्री ने चोल भवन को नौसेना की आकांक्षाओं और भारत की समुद्री उत्कृष्टता की विरासत का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि यह गुलामी की मानसिकता से बाहर आने तथा अपनी समृद्ध ऐतिहासिक विरासत पर गर्व करने की नई मानसिकता का भी प्रतिबिंब है।

सिंह ने कहा इससे पहले लगभग सभी सरकारों ने भू सीमाओं को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया लेकिन समुद्री खतरों को उतना महत्व नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि हिंद महासागर क्षेत्र में विरोधियों की बढ़ती आवाजाही और क्षेत्र के वाणिज्यिक महत्व को देखते हुए, खतरे का पुनर्मूल्यांकन करना जरूरी था। ?

सरकार ने हिन्द महासागर में भारत की भूमिका की न केवल नए सिरे से कल्पना की बल्कि उसे मजबूत भी किया। इन प्रयासों के कारण भारत आज क्षेत्र में पहला प्रतिक्रियादाता और पसंदीदा सुरक्षा भागीदार के रूप में उभरा है।

रक्षा मंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित किया गया है कि क्षेत्र में नियम-आधारित समुद्री व्यवस्था को मजबूत किया जा सके। उन्होंने कहा, 'भारत यह सुनिश्चित कर रहा है कि हिंद महासागर के सभी पड़ोसी देशों को उनकी स्वायत्तता और संप्रभुता की रक्षा करने में मदद की जाए। हमने सुनिश्चित किया है कि क्षेत्र में कोई भी आधिपत्य का इस्तेमाल नहीं करे।

## सेना का छोटा प्रशिक्षु विमान खराबी के कारण खेत में उतरा, पायलट घायल

**गया/भाषा।** प्रशिक्षण के लिए इस्तेमाल किए जाने वाला सेना का एक छोटा विमान उड़ान भरने के तुरंत बाद खराबी के कारण मंगलवार सुबह बिहार के गया जिले के बगदहा गांव में एक खेत में उतरा। घटना में विमान में सवार दोनों प्रशिक्षु पायलट घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तकनीकी खराबी के कारण यह विमान सुबह करीब नौ बजकर 15 मिनट पर खेत में उतरा।

पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, प्रशिक्षण सत्र के दौरान विमान में खराबी आ गई और जोरदार आवाज हुई, जिसके बाद विमान एक खेत में उतरा। उन्होंने बताया कि जिले के पहाड़पुर में गया-डोभी मार्ग पर स्थित प्रशिक्षण अकादमी के छोटे विमान में दो प्रशिक्षु पायलट सवार थे जिन्हें मामूली चोटें आई हैं।

# अर्जुन मोढवाडिया और अंबरीश डेर कांग्रेस छोड़ने के एक दिन बाद भाजपा में शामिल



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**गांधीनगर/भाषा।** कांग्रेस की गुजरात इकाई के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक अर्जुन मोढवाडिया कांग्रेस से इस्तीफा देने के एक दिन बाद मंगलवार को पार्टी के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष अंबरीश डेर के साथ राज्य में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए।

दोनों नेता कई अन्य लोगों के साथ यहां भाजपा के प्रदेश मुख्यालय 'कमलम' में पार्टी में शामिल हुए। भाजपा की गुजरात इकाई प्रमुख सी आर पाटिल ने उन्हें भाजपा की टोपी और पट्टा देकर पार्टी में शामिल किया। मोढवाडिया और डेर ने अयोध्या में जनवरी में आयोजित भगवान राम मंदिर प्रतिष्ठा समारोह का बहिष्कार करने के पार्टी के फैसले पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सोमवार को इस्तीफा दे दिया था। दोनों नेताओं ने गुजरात में राहुल गांधी के नेतृत्व वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा के निर्धारित प्रवेश से ठीक तीन दिन पहले कांग्रेस छोड़ने के अपने फैसले की घोषणा की। गुजरात में सबसे वरिष्ठ और सबसे प्रभावशाली विपक्षी नेताओं में से एक मोढवाडिया (67) लगभग 40 वर्षों तक कांग्रेस से जुड़े रहे। उन्होंने विपक्ष के नेता और प्रदेश इकाई के अध्यक्ष के रूप में भी काम किया।

भाजपा में शामिल होने के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए मोढवाडिया ने कहा कि वह देश के लिए सामाजिक और आर्थिक आजादी हासिल करने के महात्मा गांधी के सपने को पूरा करने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों में योगदान देना चाहते हैं। उन्होंने कहा, भारत को 1947 में राजनीतिक आजादी मिली लेकिन देश के लिए गांधीजी का सामाजिक और आर्थिक आजादी का सपना साकार होने से बहुत दूर है। प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह, गुजरात के दो बेटे, देश का नेतृत्व कर रहे हैं और भारत को विकसित बनाने के इस सपने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं...मोदी सामाजिक और आर्थिक बदलाव के उस सपने को हासिल करने के लिए काम कर रहे हैं जो अधूरा रह गया था।

## 'केरल के साथ केंद्र का वित्तीय भेदभाव सहकारी संघवाद के लिए चुनौती'



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**तिरुवनंतपुरम/भाषा।** केरल के वित्त मंत्री के एन बालगोपाल ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार का केरल के साथ वित्तीय भेदभाव सिर्फ एक राजनीतिक मुद्दा न होकर सहकारी संघवाद के लिए भी बड़ी चुनौती पेश करता है। इसके साथ ही बालगोपाल ने केंद्र सरकार से केरल समेत सभी राज्यों के साथ उचित व्यवहार सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

बालगोपाल ने कहा, केरल के खिलाफ केंद्र सरकार का वित्तीय भेदभाव सिर्फ एक राजनीतिक नारा नहीं है, बल्कि सहकारी संघवाद का सवाल है और राज्यों के हितों की रक्षा करना केंद्र सरकार का कर्तव्य है। वित्तीय मामलों पर केरल के खिलाफ कथित भेदभाव के लिए मौजूदा केंद्र सरकार को लगातार चुनौती देने वाले वित्त मंत्री ने कहा कि वित्तीय भेदभाव के मुद्दे को अब कर्नाटक व अन्य गैर-भाजपा शासित राज्य भी उठा रहे हैं। इन राज्यों को केंद्र के हाथों अपना गला घोंटा हुआ महसूस हो रहा है। जब बालगोपाल से पूछा कि क्या वित्तीय मामलों पर राज्यों के खिलाफ केंद्र का कथित भेदभाव लोकसभा चुनावों में विपक्षी गठबंधन के लिए चुनावी मुद्दा बनेगा, तो उन्होंने कहा, यह एक राजनीतिक मुद्दे से कहीं अधिक है। यह सहकारी संघवाद का सवाल है। उनका यह बयान केरल सरकार की तरफ से उच्चतम न्यायालय में दायर मामले के संदर्भ में आया है, जिसमें कर राजस्व का उचित हिस्सा जारी करने के लिए केंद्र को निर्देश देने की अपील की गई है।

## भाजपा में शामिल हुए वाराणसी के पूर्व कांग्रेस सांसद राजेश मिश्रा

**नई दिल्ली/भाषा।** आगामी लोकसभा चुनाव से पहले वाराणसी के पूर्व सांसद राजेश मिश्रा मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। वह वर्ष 2004 से 2009 तक वाराणसी से कांग्रेस के सांसद थे।

मिश्रा ने यहां पार्टी मुख्यालय में भाजपा महासचिव अरुण सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद और पार्टी के मीडिया प्रमुख अनिल बलूनी की मौजूदगी में भगवा दल की सदस्यता ग्रहण की। मिश्रा लंबे समय से कांग्रेस नेतृत्व से नाराज बताए जा रहे थे। उनके करीबी सूत्रों का कहना है कि वह कांग्रेस के टिकट पर उत्तर प्रदेश की भदोही सीट से चुनाव लड़ना चाह रहे थे, लेकिन यह सीट गठबंधन के तहत समाजवादी पार्टी के खाते में चली गई है। भदोही में वर्तमान में भाजपा के रमेश चंद्र बिंद सांसद हैं।

## बीते साल बेरोजगारी दर घटकर 3.1% पर आई : एनएसएसओ

**नई दिल्ली/भाषा।** सांख्यिकी मंत्रालय के राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन ने कहा है कि 15 साल या उससे अधिक उम्र के लोगों की बेरोजगारी दर वर्ष 2023 में घटकर 3.1 प्रतिशत रह गई, जो तीन साल का सबसे निचला स्तर है। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन (एनएसएसओ) की तरफ से मंगलवार को जारी आवधिक श्रमबल सर्वेक्षण रिपोर्ट के मुताबिक, कैलेंडर वर्ष 2023 में देश की बेरोजगारी दर 3.1 प्रतिशत रही जबकि 2022 में यह 3.6 प्रतिशत और 2021 में 4.2 प्रतिशत रही थी। बेरोजगारी दर को श्रमबल (15 साल से अधिक उम्र वर्ग) में बेरोजगार लोगों के प्रतिशत के रूप में परिभाषित किया जाता है।

आंकड़ों के मुताबिक, देश में कोविड महामारी का मार्च, 2020 में प्रसार शुरू होने के बाद से रोजगार की स्थिति सुधर रही है। महामारी पर काबू पाने के लिए लॉकडाउन लगाए जाने से आर्थिक गतिविधियां पूरी तरह ठप हो गई थीं। लेकिन केंद्र और राज्यों में लॉकडाउन हटाए जाने के बाद आर्थिक गतिविधियां तेज होने से स्थिति सुधरी है। सर्वेक्षण से पता चला कि महिलाओं के बीच बेरोजगारी दर भी 2023 में घटकर तीन प्रतिशत पर आ गई। महिला बेरोजगारी वर्ष 2022 में 3.3 प्रतिशत और 2021 में 3.4 प्रतिशत रही थी। इसी तरह पुरुषों के लिए बेरोजगारी का आंकड़ा 2022 में 3.7 प्रतिशत और 2021 में 4.5 प्रतिशत था लेकिन पिछले साल यह घटकर 3.2 प्रतिशत पर आ गया।

## पेटीएम पेमेंट्स बैंक पीएमएलए के तहत संदिग्ध लेनदेन का पता लगाने में विफल रहा : एफआईयू




दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** पेटीएम पेमेंट्स बैंक धन शोधन रोधक कानून के तहत संदिग्ध लेनदेन का पता लगाने और उसकी सूचना देने के लिए एक आंतरिक व्यवस्था बनाने में विफल रहा।

वित्तीय आसूचना इकाई (एफआईयू) ने अपने आदेश में यह बात कहने के साथ ही जोड़ा कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक ने अपनी भुगतान सेवा में उचित जांच प्रक्रिया का पालन नही किया। उसने फिनटेक कंपनी पर 5.49 करोड़ रुपए का जुर्माना भी लगाया। वित्तीय खुफिया जानकारी जमा करने वाली संघीय एजेंसी ने अपने एक मार्च के आदेश में कहा कि बैंक के खिलाफ ये आरोप चार से अधिक की जांच के बाद पुष्ट किए गए थे। इस संबंध में पेटीएम पेमेंट्स बैंक को 14 फरवरी, 2022 को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था।

उस समय केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने एफआईयू की कार्रवाई पर एक बयान जारी किया था। इसके बाद पेटीएम पेमेंट्स बैंक के प्रवक्ता ने कहा था कि जुर्माना एक कारोबारी खंड से संबंधित है, जिसे दो साल पहले बंद कर दिया गया था। पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) को रिजर्व बैंक ने 29 फरवरी से ग्राहकों से नई जमा स्वीकार करना बंद करने का आदेश दिया था। इस समयसीमा को बाद में बढ़ाकर 15 मार्च कर दिया गया। पीटीआई-भाषा ने एफआईयू का सारांश आदेश देखा है।




## पर्यावरण संरक्षण के लिए रणनीति बनाकर करना होगा काम : मुख्यमंत्री साय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**रायपुर/भाषा।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि जलवायु परिवर्तन पूरे विश्व के लिए विकराल समस्या है, जिससे निपटने के लिए 'हमें रणनीति तय कर प्रकृति को बचाने और पर्यावरण संरक्षण के लिए काम करना होगा। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री साय ने आज राज्य की राजधानी रायपुर के एक निजी होटल में दो दिवसीय 'छत्तीसगढ़ जलवायु परिवर्तन सम्मेलन 2024' की शुरुआत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए साय ने कहा, जलवायु परिवर्तन पूरे विश्व के लिए विकराल समस्या है। जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों के कारण अनियमित वर्षा, लंबे समय तक सूखा, चक्रवाती वर्षा, वर्षा ऋतु के समय में परिवर्तन जैसी चुनौतियां पूरी दुनिया के साथ ही देश और प्रदेश के सामने भी हैं। इससे निपटने के लिए हमें रणनीति तय कर प्रकृति को बचाने और पर्यावरण संरक्षण के लिए काम करना होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा, हम प्रकृति के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं और ज्यादा सुख-सुविधाओं की ओर बढ़ रहे है। फलस्वरूप असंतुलन की स्थिति बनती है, विसंगतियां आती हैं। जलवायु परिवर्तन की चुनौती के समाधान के उपायों के संबंध में 2015 में पेरिस समझौता किया गया था। उसमें 196 देश शामिल हैं और वे अपने पर्यावरण को बचाने के लिए प्रयास कर रहे हैं। इस वैश्विक समस्या के समाधान के लिए हम सब मिलकर प्रयास करेंगे तो जरूर सफल होंगे।

उन्होंने इस सम्मेलन के आयोजन के लिए प्रदेश के वन विभाग और 'छत्तीसगढ़ स्टेट सेंटर फॉर क्लाइमेट चेंज' के अधिकारियों-कर्मचारियों बधाई और कहा कि जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने में प्रदेश की भूमिका और भविष्य की कार्ययोजनाओं के लिए यह कार्यशाला मील का पत्थर साबित होगी।

## आरबीआई ने जेएम फाइनेंशियल प्रोडक्ट्स पर 'अंकुश' लगाए

**मुंबई/भाषा।** भारतीय रिजर्व बैंक ने मंगलवार को जेएम फाइनेंशियल प्रोडक्ट्स लिमिटेड पर शेयरों और डिबेंचरों के एवज में किसी भी तरह का वित्तपोषण करने से तत्काल रोक लगा दी जिसमें आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) पर ऋण की मंजूरी एवं वितरण भी शामिल है। हालांकि, केंद्रीय बैंक ने एक बयान में कहा कि जेएम फाइनेंशियल सामान्य संग्रह और वसूली प्रक्रिया के जरिये अपने मौजूदा ऋण खातों से जुड़ी गतिविधियां बरकरार रख सकती है।

जेएम फाइनेंशियल प्रोडक्ट्स को शेयरों और डिबेंचरों के एवज में किसी भी प्रकार के वित्तपोषण को तत्काल प्रभाव से रोकने और परहेज करने को कहा गया है। इस पाबंदी में शेयरों के आईपीओ के साथ-साथ डिबेंचर पर कर्ज की स्वीकृति और वितरण भी शामिल है। आरबीआई ने कहा कि आईपीओ वित्तपोषण के साथ गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) की खरीद के लिए कंपनी द्वारा स्वीकृत ऋणों में कुछ गंभीर खामियां देखे जाने के बाद यह कदम उठाना जरूरी हो गया था।

आरबीआई ने भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा साझा की गई जानकारी के आधार पर कंपनी के बहीखातों की सीमित समीक्षा की थी। रिजर्व बैंक ने कहा कि जेएम फाइनेंशियल का एक विशेष ऑडिट पूरा होने और खामियां दूर करने से संबंधित कदमों पर संतुष्टि होने के बाद इन व्यावसायिक प्रतिबंधों की समीक्षा की जाएगी।



## हर क्षेत्र में है सामाजिक अन्याय, 90 प्रतिशत आबादी के लोगों के लिए कोई अहम भूमिका नहीं : राहुल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**शाजापुर (मप्र)/भाषा।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि देश के हर संस्थान में सामाजिक अन्याय व्याप्त है। उन्होंने दावा किया कि 90 प्रतिशत आबादी वाले पिछड़े, दलित और अन्य श्रेणियों के सदस्य किसी भी प्रमुख पद पर नहीं हैं। गांधी शनिवार को मध्य प्रदेश में प्रवेश करने के बाद अपनी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान राज्य के शाजापुर में एक खुली जीप पर बैठकर एक सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, इस देश में पिछड़े वर्ग के लोगों की आबादी कितनी है? यह 50 प्रतिशत है, फिर दलित 15 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति (एसटी) आठ प्रतिशत और अल्पसंख्यक 15 प्रतिशत हैं, जो कुल लगभग 90 प्रतिशत होता है। अब आप शीर्ष उद्योगपतियों और शीर्ष कंपनियों के प्रबंधन की सूची निकालें, तो आपको इस 90 प्रतिशत वर्ग से संबंधित एक भी व्यक्ति नहीं मिलेगा। उन्होंने दावा किया, मीडिया में भी यही स्थिति है। आपको पिछड़े, दलित या एसटी वर्ग से आने वाला एक भी बड़ा पत्रकार नहीं मिलेगा। टीवी एंकरों के साथ-साथ मीडिया मालिकों के साथ भी यही स्थिति है। उन्होंने कहा, इसी तरह, यदि आप नौकरशाही को देखें, तो केंद्र में 90 आईएएस अधिकारी पूरे देश का बजट आवंटित करते हैं। मध्य प्रदेश में भी 60-70 आईएएस अधिकारी राज्य का बजट आवंटित करते हैं। अगर आप सूची पर नजर डालें तो आपको 90 फीसदी वर्ग का एक भी व्यक्ति नहीं मिलेगा। अगर कोई है भी तो वह छोटे बजट वाला कोई छोटा-मोटा मंत्रालय ही देख रहा होगा।

## फ्लेक्सी फ्यूल वाहनों पर जीएसटी घटाने पर विचार कर रहा भारी उद्योग मंत्रालय

**नई दिल्ली/भाषा।** भारी उद्योग मंत्रालय फ्लेक्सी फ्यूल वाहनों (एफएफवी) पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) घटाने के अनुरोध पर विचार कर रहा है। इन वाहनों पर जीएसटी की दर इस समय 28 प्रतिशत है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि मंत्रालय विभिन्न हितधारकों और अन्य सरकारी एजेंसियों के साथ विचार-विमर्श कर रहा है। यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद वित्त मंत्रालय को इस बारे में प्रस्तुति दी जाएगी। इसके बाद जीएसटी परिषद इस मुद्दे पर फैसला करेगी। उन्होंने कहा, हमें फ्लेक्स फ्यूल वाहनों पर जीएसटी कम करने के अनुरोध मिले हैं। हम विभिन्न हितधारकों और विभिन्न मंत्रालयों के विचारों को जानने के लिए इस मुद्दे पर बैठकें कर रहे हैं। हमें मिश्रित प्रतिक्रिया मिल रही हैं। कुछ लोगों का कहना है एफएफवी पर मौजूदा 28 प्रतिशत कर में कमी जरूरी है।

## सांसद प्रज्ञा ठाकुर ने भाजपा विधायक पर अवैध शराब की दुकान चलाने का आरोप लगाया



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भोपाल/भाषा।** भोपाल से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की लोकसभा सदस्य प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने आरोप लगाया है कि उनकी पार्टी के विधायक सुदेश राय मध्य प्रदेश के सीहोर जिले में अवैध रूप से शराब की दुकान चला रहे हैं। उन्होंने राय को विधायक पद से हटाने की भी मांग की है।

जब मीडियाकर्मियों ने इस संबंध में राय से संपर्क कर प्रतिक्रिया जाननी चाही तो उन्होंने कहा कि वे खुद ठाकुर के आरोपों की जांच करें।

ठाकुर ने सोमवार की रात कहा कि वह विकास कार्यों का शुभारंभ करने के लिए अपने निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले इलाकों के दौरे पर थीं, तभी खजुरिया कला में कुछ लड़कियां उनके पास आईं और शिकायत की कि उनके स्कूल के सामने एक शराब की दुकान चल रही है। भाजपा ने ठाकुर को आगामी लोकसभा चुनाव के लिए भोपाल से दोबारा उम्मीदवार नहीं बनाया है।

भाजपा नेता ने कहा, लड़कियां दुखी थीं और उनकी आंखों में आंसू थे। उन्होंने शिकायत की कि लोग शराब की दुकान पर इकट्ठा होते हैं, उन पर टिप्पणी करते हैं। उन्होंने मुझे बताया कि वे सुरक्षित नहीं हैं और उनके साथ कुछ भी हो सकता है। कुछ महिलाओं ने कहा कि लोग शराब पीकर उनके घरों में घुस जाते हैं। उन्होंने दावा किया कि वहां मौजूद पुलिस के एक उप-निरीक्षक ने कहा कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं है। ठाकुर ने कहा, मैं पार्टी से मांग करती हूं कि उनके जैसे व्यक्ति को, जो इस तरह के कार्य में शामिल है, पद से बर्खास्त किया जाना चाहिए। भाजपा सांसद ने यह भी कहा कि उन्होंने अधिकारियों से आबकारी विभाग के संबंधित अधिकारियों को निलंबित करने की भी मांग की है। उन्होंने दावा किया कि यह एक अवैध शराब की दुकान है क्योंकि किसी स्कूल के सामने ऐसी दुकान के लिए लाइसेंस नहीं दिया जा सकता।

प्रज्ञा ठाकुर ने कहा, यह संसद सदस्य का 'आदर्श ग्राम' (आदर्श गांव) था और वहां शराब की दुकान नहीं खोली जा सकती है। उन्होंने दावा किया, लगभग एक साल पहले भी इसी तरह की शिकायत आई थी और तब जिलाधिकारी ने मुझे बताया था कि दुकान बंद हो गई है। लेकिन, जब मैं इस बार वहां गई, तो लड़कियों ने फिर से शिकायत की। इसका मतलब है कि पुलिस और आबकारी विभाग आपस में मिले हुए हैं। ठाकुर ने दावा किया कि वह लड़कियों के साथ दुकान में घुस गईं और वहां भारी मात्रा में शराब पाई और उसमें से कुछ को फेंक दिया। इसका एक वीडियो भी शूट किया गया है। उन्होंने दावा किया कि वहां मौजूद पुलिस अधिकारियों ने प्रयास किया कि शराब नष्ट न हो और इसे बचाया जाए। ठाकुर ने कहा, मुझे राय के प्रति कोई शिकायत नहीं है। अगर वह अवैध गतिविधियों में शामिल हैं, तो यह एक बड़ा अपराध है। अगर कोई असामाजिक तत्व शराब पीकर किसी लड़की के साथ कुछ करता है तो मुझे लगता है कि इसकी जिम्मेदारी मेरी होगी।

## स्विगी चार रेलवे स्टेशनों पर भोजन पहुंचाने की सेवाएं देगी

**नई दिल्ली/भाषा।** स्विगी 12 मार्च से बेंगलूरु, भुवनेश्वर, विशाखापत्तनम और विजयवाड़ा रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों को भोजन पहुंचाने की सेवाएं देगी। स्विगी ने एक बयान में कहा कि आने वाले हफ्तों में भोजन पहुंचाने की सेवाओं को 59 और रेलवे स्टेशनों तक बढ़ाया जाएगा।

स्विगी फूड मार्केटप्लेस और भारतीय रेल खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) ने रेल गाड़ियों में पहले से ऑर्डर किए गए भोजन को पहुंचाने के लिए मंगलवार को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

यात्री आईआरसीटीसी ऐप पर पीएनआर दर्ज करके और भोजन पाने के लिए पसंदीदा स्टेशन का चयन करके स्विगी के जरिये भोजन पहुंचाने की सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं।

आईआरसीटीसी के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक संजय कुमार जैन ने कहा, स्विगी के साथ यह साझेदारी हमारे यात्रियों को अधिक सुविधाजनक रूप से भोजन पाने का विकल्प देगी, जिससे उनकी यात्रा और अधिक यादगार बन जाएगी।

स्विगी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रोहित कपूर ने कहा कि इस पहल के लिए यात्रियों और रेस्तरां संचालकों से उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिलने की उम्मीद है और आने वाले दिनों में अधिक स्टेशनों पर यह सेवा शुरू की जाएगी।

## इजराइली सीमा पर मिसाइल हमले में केरल के व्यक्ति की मौत

**कोल्लम (केरल)/भाषा।** इजराइल की उत्तरी सीमा पर मिसाइल से किए गए हमले में केरल के एक व्यक्ति की मौत हो गई है। वह एक 'पोल्ट्री फॉर्म' में काम करने के लिए दो महीने पहले ही इजराइल गया था। उसके पिता ने मंगलवार को यह जानकारी दी। केरल में कोल्लम के निबिन मैक्सवेल की हमले में मौत हो गई जबकि केरल के दो अन्य निवासी बुश जोसेफ जॉर्ज और पॉल मेलविन जख्मी हुए हैं और अस्पताल में भर्ती हैं। मैक्सवेल के पिता ने कहा कि उनके बड़े बेटे ने उन्हें छोटे बेटे की मौत की खबर दी। पिता ने एक टीवी चैनल से कहा, मेरे बड़े बेटे ने सोमवार शाम करीब साढ़े चार बजे मुझे फोन पर बताया कि मैक्सवेल हमले में घायल हो गया है और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बाद में, देर रात लगभग पौने एक बजे उसने मुझे बताया कि मेरे छोटे बेटे की मौत हो गई है।

## संदिग्ध लेनदेन को छिपाने के लिए एसबीआई को ढाल बना रही है सरकार : कांग्रेस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने मंगलवार को आरोप लगाया कि सरकार अपने संदिग्ध लेनदेन को छिपाने और चुनावी बॉण्ड से संबंधित उच्चतम न्यायालय के फैसले को नाकाम बनाने के लिए भारतीय स्टेट बैंक का ढाल के रूप में उपयोग कर रही है। मुख्य विपक्षी दल ने यह सवाल भी किया कि देश के सबसे बड़े पूर्णतः कम्प्यूटरीकृत बैंक को चुनावी बॉण्ड की जानकारी देने के लिए इतना समय क्यों चाहिए? भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने राजनीतिक दलों द्वारा भुनाए गए प्रत्येक चुनावी बॉण्ड के विवरण का खुलासा करने के लिए 30 जून तक समय देने का सोमवार को उच्चतम न्यायालय से अनुरोध किया।

पिछले महीने अपने फैसले में उच्चतम न्यायालय ने एसबीआई को छह मार्च तक निर्वाचन आयोग को विवरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, मोदी सरकार चुनावी बॉण्ड के माध्यम से अपने संदिग्ध लेनदेन को छिपाने के लिए हमारे देश के सबसे बड़े बैंक का ढाल के रूप में उपयोग कर रही है। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने चुनावी बॉण्ड की मोदी सरकार की 'काला धन रूपांतरण' योजना को असंवैधानिक, आरटीआई का उल्लंघन और अवैध करार देते हुए रद्द कर दिया था और एसबीआई को 6 मार्च तक दाता विवरण प्रस्तुत करने के लिए कहा था, लेकिन भाजपा चाहती है कि इसे लोकसभा चुनाव के बाद किया जाए। उनके मुताबिक, इस लोकसभा का कार्यकाल 16 जून को खत्म होगा और एसबीआई 30 जून तक डेटा साझा करना चाहती है। खरगे ने आरोप लगाया कि भाजपा इस फर्जी योजना की मुख्य लाभार्थी है। उनके अनुसार, कांग्रेस पार्टी का स्पष्ट रुख रहा है कि चुनावी बॉण्ड योजना अपारदर्शी, अलोकतांत्रिक और समान अवसर को नष्ट कर देने वाली थी। खरगे ने आरोप लगाया, मोदी सरकार, प्रधानमंत्री कार्यालय और वित्त मंत्री ने भाजपा का खजाना भरने के लिए हर संस्थान - आरबीआई, चुनाव आयोग, संसद और विपक्ष पर बुलडोजर चला दिया।







# मोदी की मौजूदगी में भारत ने अपने 3-चरण के परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम के दूसरे चरण में प्रवेश किया



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यहां सोमवार को कलपक्कम के पास पहले स्वदेशी फास्ट ब्रीडर रिएक्टर (500 मेगावाट) में कोर लोडिंग की शुरुआत के साथ भारत को अपने तीन चरण के परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम के दूसरे चरण में कदम रखते हुए देखा। कोर लोडिंग चरण के पूरा होने पर – जिसमें ईंधन की लोडिंग शामिल है, गंभीरता के लिए पहला दृष्टिकोण प्राप्त किया जाएगा, जिससे बाद में बिजली का उत्पादन होगा। प्रधानमंत्री ने रिएक्टर वॉल्ट और रिएक्टर के नियंत्रण कक्ष का दौरा किया और मुख्य विशेषताओं के बारे में जानकारी दी गई।

500 मेगावाट प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर (पीएफबीआर) 200 से अधिक सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के योगदान के साथ भारतीय नाभि विद्युत निगम लिमिटेड (भाविनी) द्वारा बनाया गया है।इसके चालू होने के बाद भारत रूस के बाद वाणिज्यिक रूप से संचालित होने वाला फास्ट ब्रीडर रिएक्टर रखने वाला दूसरा देश होगा।पीएफबीआर शुरुआत में यूरेनियम–प्लूटोनियम मिश्रित ऑक्साइड (एमओएक्स) ईंधन का उपयोग करेगा। ईंधन कोर के आसपास का यूरेनियम–238 कंबल अधिक ईंधन का उत्पादन करने के लिए परमाणु रूपांतरण से गुजरेगा और 'ब्रीडर' नाम अर्जित करेगा। थोरियम–232 का उपयोग, जो अपने आप में एक विखंडनीय पदार्थ नहीं है, उसे इस चरण में रूपांतरण द्वारा थोरियम विखंडनीय यूरेनियम–233 बनाया जाएगा, जिसका उपयोग तीसरे चरण में ईंधन के रूप में किया जाएगा।

एक सरकारी बयान में कहा गया है कि एफबीआर कार्यक्रम के तीसरे चरण के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जो भारत के प्रचुर थोरियम भंडार के अंततः पूर्ण उपयोग का मार्ग प्रशस्त करता है। पीएफबीआर एक उन्नत तीसरी पीढ़ी का रिएक्टर है, जिसमें अंतर्निहित निष्क्रिय सुरक्षा विशेषताएं हैं, जो आपात स्थिति की स्थिति में संयंत्र को तुरंत और सुरक्षित रूप से बंद करना सुनिश्चित करती हैं। चूंकि यह पहले चरण से खर्च किए गए ईंधन का उपयोग करता है, एफबीआर उत्पन्न परमाणु कचरे में महत्वपूर्ण कमी के मामले में भी बड़ा लाभ प्रदान करता है, जिससे बड़ी भूवैज्ञानिक निपटान सुविधाओं की जरूरत से बचा जा सकता है। उन्नत तकनीक शामिल होने के बावजूद पूंजीगत लागत और प्रति यूनिट बिजली लागत, दोनों अन्य परमाणु और पारंपरिक बिजली संयंत्रों के बराबर है।

## तमिलनाडु में 108 करोड़ रु. का 99 किग्रा मादक पदार्थ जब्त

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई/भाषा।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) और भारतीय तटरक्षक ने तमिलनाडु में मंडपम तट के पास एक देशी नाव से 99 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त किया है, जिसकी कीमत 108 करोड़ रुपये बताई जा रही है। मंगलवार को एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। नाव श्रीलंका की ओर जा रही थी और राजस्व खुफिया निदेशालय की चेन्नई इकाई और भारतीय तटरक्षक मंडपम के अधिकारियों के संयुक्त दस्ते ने नाव का पीछे करने बाद इसे रोक लिया।

एक गुप्त सूचना मिली कि समुद्री तट के पास तटीय मार्ग के माध्यम से भारत से श्रीलंका में नशीले पदार्थों की तस्करी की जा रही है,जिसके बाद मंडपम समुद्री तट अधिकारियों ने चार और पांच मार्च की मध्यरात्रि को तटरक्षक जहाज के माध्यम से मन्नार की खाड़ी पर निगरानी रखी।

एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है, गहरे समुद्र में निगरानी के दौरान, डीआरआई और तटरक्षक बल के अधिकारियों ने श्रीलंका की ओर जा रही एक देशी नाव की पहचान की और थोड़ी देर तक पीछा करने के बाद उसे रोक लिया। रोकने पर, अधिकारियों ने नाव की जांच की और उसके अंदर छिपाए गए पांच बोरे का पता लगाया। इसमें कहा गया कि देशी नाव को तस्करी के सामान और उसमें सवार तीन लोगों को आगे की जांच के लिए आज सुबह तटरक्षक स्टेशन मंडपम लाया गया। इसके अनुसार बाद में डीआरआई ने उस व्यक्ति को उसके घर से पकड़ लिया, जिसने तटीय मार्ग से भारत से श्रीलंका तक नशीले पदार्थों की तस्करी की योजना बनाई थी।

विज्ञप्ति में कहा गया है, प्रारंभिक जांच से पता चला है कि जब्त की गए मादक पदार्थ को देश के विभिन्न हिस्सों से देशी नावों के जरिए श्रीलंका ले जाया जा रहा था। स्वापक औषधि एवं मन:प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 108 करोड़ रुपये कीमत के 99 किलोग्राम वजन वाले मादक पदार्थ के कुल 111 पैकेट जब्त किए गए हैं।

## भारत कभी एक राष्ट्र नहीं रहा : द्रमुक नेता ए राजा

### विवादित टिप्पणी की भाजपा ने की निंदा



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के सांसद ए. राजा ने कहा है कि भारत कभी एक राष्ट्र नहीं रहा बल्कि यह एक उपमहाद्वीप है जहां विभिन्न प्रथाएं और परंपराएं हैं। वहीं, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने उन्हें आड़े हाथ लेते हुए आरोप लगाया कि यह राष्ट्र के 'विभाजन' का आह्वान है। राजा एक वीडियो में पार्टी द्वारा आयोजित एक बैठक को संबोधित करते हुए दिख रहे हैं, जिसमें वह कथित रूप से कहते हैं, भारत एक राष्ट्र नहीं है। इस बात को अच्छे से समझ लें। भारत कभी एक राष्ट्र नहीं रहा। एक राष्ट्र एक भाषा, एक परंपरा और एक संस्कृति को दर्शाता है और ऐसी विशेषताएं ही एक राष्ट्र का निर्माण करती हैं।

राजा ने दावा किया कि भारत एक राष्ट्र नहीं बल्कि एक उपमहाद्वीप है। उन्होंने कहा, क्या कारण है? यहां तमिल एक राष्ट्र और एक देश है। मलयालम एक भाषा, एक राष्ट्र और एक देश है। उड़िया एक राष्ट्र, एक भाषा और एक देश है। ऐसी सभी राष्ट्रीय श्रेणियां भारत का निर्माण करती हैं। तो, भारत एक देश नहीं है, यह एक उपमहाद्वीप है जिसमें विभिन्न प्रथाएं, परंपराएं और संस्कृतियां हैं।

राजा ने कहा, 'तमिलनाडु में एक संस्कृति है और केरल में दूसरी संस्कृति है। वैसे ही दिल्ली में एक संस्कृति है। ओडिशा में, एक और संस्कृति है। मणिपुर में कुत्ते का मांस खाया जाता है, जो एक सांस्कृतिक पहलू है। कश्मीर में एक संस्कृति है। हर संस्कृति को मान्यता देगी होगी।' उन्होंने कहा, 'अगर कोई समुदाय बीफ खाता है तो उसे मानिए, आपकी समस्या क्या है? क्या उन्होंने आपसे खाने के लिए कहा? यही विविधता में एकता है। हमारे बीच अंतर हैं और इसे स्वीकार करना होगा।'

भाजपा की आईटी शाखा के प्रभारी अमित मालवीय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, द्रमुक से नफरत भरे भाषण लगातार जारी हैं। उदयनिधि स्टालिन के सनातन धर्म को नष्ट करने के आह्वान के बाद अब ए. राजा ने भारत के विभाजन का आह्वान किया है, भगवान राम का उपहास किया है, मणिपुरियों पर अपमानजनक टिप्पणियां की हैं और एक राष्ट्र के रूप में भारत की अवधारणा पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा, कांग्रेस और अन्य आईएनडीआईए गठबंधन (विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडि') के साथी चुप हैं। उनके प्रधानमंत्री पद के तथाकथित उम्मीदवार राहुल गांधी की चुप्पी स्पष्ट है।

## कांग्रेस ने द्रमुक नेता राजा की टिप्पणी की निंदा की



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/चेन्नई।** कांग्रेस ने अपने सहयोगी द्रमुक के नेता ए. राजा की विवादित टिप्पणी की निंदा करते हुए मंगलवार को कहा कि वह इससे शत प्रतिशत असहमत है। पार्टी की सोशल मीडिया विभाग की प्रमुख सुप्रिया श्रीनेत ने यह भी कहा कि नेताओं को संयमित होकर बात करनी चाहिए। द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के सांसद ए. राजा ने कहा है कि भारत कभी एक राष्ट्र नहीं रहा, बल्कि यह एक उपमहाद्वीप है, जहां विभिन्न प्रथाएं और परंपराएं हैं।

राजा एक वीडियो में पार्टी द्वारा आयोजित एक बैठक को संबोधित करते हुए दिख रहे हैं, जिसमें वह कथित रूप से कहते हैं, भारत एक राष्ट्र नहीं है। इस बात को अच्छे से समझ लें। भारत कभी एक राष्ट्र नहीं रहा। एक राष्ट्र एक भाषा, एक परंपरा और एक संस्कृति को दर्शाता है और ऐसी विशेषताएं ही एक राष्ट्र का निर्माण करती हैं।

सुप्रिया ने संवाददाताओं से कहा, ''मैं उनकी बात से शत प्रतिशत असहमत हूं। मैं ऐसे वक्तव्य की पूरी तरह निंदा करती हूं।'' राजा के रामायण और भगवान राम के बारे में कुछ टिप्पणियां करने पर उन्होंने कहा, ''मेरा मानना है कि राम सबके हैं, राम हम सबमें हैं। जिस राम को इमाम–ए–हिंद कहा गया है, वो संप्रदायों, धर्म और जाति से ऊपर हैं। राम जीवन जीने का आदर्श हैं, राम मर्यादा हैं, राम नैतिकता हैं, राम प्रेम हैं।'' उनका कहना था, मुझे ऐसा लगता है कि लोगों को संयमित होकर बात करनी चाहिए।''

## केरल में एक ही परिवार के पांच लोग मृत पाए गए

**कोट्टायम।** कोट्टायम में मंगलवार को पाला के पास एक ही परिवार के पांच सदस्य अपने किराए के घर में मृत पाए गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान 44 वर्षीय जैसन थॉमस, उनकी पत्नी और 10 साल से कम उम्र के उनके तीन बच्चों के रूप में हुई है। वे मूल रूप से अकलाकुन्नम के नजन्दुपारा के रहने वाले थे। वे पूवारानी कोचुकोट्टारम इलाके में किराए के एक मकान में रह रहे थे। पुलिस के मुताबिक, कमरे में जैसन का शव लटका पाया गया था जबकि उसकी पत्नी और बच्चों के शव बिस्तर में पड़े थे और वहां खून के निशान भी थे। पुलिस को यह संदेह है कि जैसन ने कथित तौर पर अपनी पत्नी और बच्चों की हत्या करने के बाद आत्महत्या की है।

## कराईकल उत्तर क्षेत्र के विधायक को मंत्री नियुक्त किया गया



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पुडुचेरी।** पुडुचेरी में ऑल इंडिया एन.आर. कांग्रेस (एआईएनआरसी)–भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) गठबंधन सरकार में एक नया मंत्री नियुक्त किया गया है। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी है। कराईकल उत्तर निर्वाचन क्षेत्र के विधायक पी.आर.एन थिरुमुरुगन को मंत्री नियुक्त किया गया है।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एक मार्च को इस संबंध में एक अधिसूचना जारी की थी जिसमें कहा गया कि राष्ट्रपति ने थिरुमुरुगन को उनके शपथ लेने की तारीख से मंत्री नियुक्त किया है। केंद्रशासित प्रदेश सरकार की एकमात्र महिला मंत्री एस चंदिरा प्रियंगा को पिछले साल अक्टूबर में पद से हटा दिया गया था। उनको हटाए जाने के बाद से ही यह पद खाली था। चंदिरा के स्थान पर ही थिरुमुरुगन को मुख्यमंत्री एन. रंगास्वामी नीत मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है। थिरुमुरुगन के मंत्री बनने के बाद मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री रंगास्वामी सहित छह सदस्य हो जाएंगे। सूत्रों ने बताया कि उनके शपथ ग्रहण की तारीख एक–दो दिन में तय हो जाएगी।

## बेंगलूरु कैफे विस्फोट मामला : एनआईए ने तमिलनाडु में दो स्थानों पर की छापेमारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) बेंगलूरु कैफे विस्फोट मामले की जांच के सिलसिले में मंगलवार को तमिलनाडु में दो स्थानों पर छापेमारी कर रही है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। ये छापेमारी चेन्नई और कुड्डालोर में की जा रही है। एनआईए सूत्रों ने बताया कि तमिलनाडु और कर्नाटक समेत देश के कई अन्य स्थानों पर सुबह छापेमारी शुरू हुई। एनआईए इस जानकारी के बाद जांच कर रही है कि लश्कर–ए–तैयबा के दक्षिण भारतीय कमांडर थडियानटविडा नसीर ने बेंगलूरु सेंट्रल जेल में कुछ युवाओं को प्रशिक्षित किया था और उनमें से कई अब जेल से बाहर हैं। एनआईए सूत्रों के मुताबिक, रामेश्वरम कैफे ब्लास्ट की जांच इन युवाओं पर केंद्रित है और इनमें से कुछ के तार तमिलनाडु के कुड्डालोर और चेन्नई से जुड़े हुए हैं। 1 मार्च को बेंगलूरु के आईटी हब व्हाइटफील्ड में रामेश्वरम कैफे में विस्फोट हुआ था। इसमें कम से कम दस लोग घायल हो गए थे।



## बदमाशों ने चार वंदे भारत ट्रेनों पर पथराव किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु।** कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर अज्ञात बदमाशों ने चार वंदे भारत ट्रेनों पर पथराव किया। पथराव की इस घटना में ट्रेन की खिड़कियां क्षतिग्रस्त हो गयी। दक्षिण पश्चिम रेलवे (एसडब्ल्यूआर) के अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि दक्षिण पश्चिम रेलवे के बेंगलूरु मंडल में रविवार को हुई इस घटना में किसी भी यात्री या कर्मचारी को चोट नहीं आई, लेकिन ट्रेनों की खिड़कियों के शीशे क्षतिग्रस्त हो गए। अधिकारियों ने कहा कि वंदे भारत ट्रेन पर पथराव की प्रत्येक घटना के संबंध में तीन अलग–अलग मामले दर्ज किए गए हैं। दक्षिण पश्चिम रेलवे (दपरे) के अधिकारियों के मुताबिक, पहली घटना सुबह 6.15 बजे हुई जब ट्रेन (संख्या 20661) धारवाड़ वंदे भारत एक्सप्रेस चिक्काबाणवारा रेलवे स्टेशन से गुजरी थी तो उसपर पथराव किया गया। दूसरी घटना दोपहर 3.20 बजे हुई जब ट्रेन (नंबर 20662) धारवाड़ से बेंगलूरु सिटी जंक्शन की ओर जा रही थी। तीसरी घटना शाम 4.30 बजे हुई जब मैसूरु जंक्शन से चेन्नई सेंट्रल जाने वाली ट्रेन (संख्या 20608) पर आंध्र प्रदेश के कुप्पम स्टेशन से पहले पथराव किया गया। चौथी घटना रात 8 बजे हुई, जब ट्रेन (संख्या 20704) आंध्र प्रदेश के अनंतपुर जिले के धर्मावरम जंक्शन के पास से गुजरी थी। दपरे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस मामले में रेलवे अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामले दर्ज किए गए हैं और दोषियों को पकड़ने के लिए जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि रेलवे सुरक्षा बल ट्रेनों पर पथराव की ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए बेंगलूरु मंडल में संवेदनशील स्थानों और खंडों पर गश्त कर रहे हैं।

## भाजपा कार्यकर्ता हत्या मामला : तीन गिरफ्तार, एक नाबालिग हिरासत में

**बेंगलूरु।** कर्नाटक में बीजेपी कार्यकर्ता गिरीश चक्र की हत्या मामले में पुलिस ने मंगलवार को तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया और एक नाबालिग को हिरासत में ले लिया।

कर्नाटक के कलबुर्गी जिले में एक बीजेपी कार्यकर्ता की हत्या कर दी गई थी, जिसके बाद पुलिस ने यह कार्रवाई की है। आरोपियों की पहचान सचिन किरासावलगी, विश्वनाथ उर्फ कुम्या और प्रज्वल के रूप में हुई है। 29 फरवरी को गंगापुरा पुलिस के पास तीन युवक और एक नाबालिग ने मिलकर बीजेपी कार्यकर्ता गिरीश चक्र को मौत के घाट उतार दिया था। गिरीश चक्र कलबुर्गी से बीजेपी सांसद डॉ उमेश जाधव का दाहिना हाथ बताया जाता था। पुलिस के मुताबिक, गिरीश की हत्या दोस्तों द्वारा उसे एक पार्टी मे आमंत्रित किए जाने की बाद की गई।

उमेश जाधव ने उसे बीएसएनएल एडवाइजरी कमेटी का डॉयरेक्टर नियुक्त किया था। गिरीश को मारने से पहले हमलावरों ने उसकी आंखों में मिर्ची पाउडर फेंका था। परिवार ने इस मामले में सुपारी किलिंग की आशंका जताई थी। इस घटना ने राज्य में बड़ा विवाद खड़ा कर दिया।

## शिवकुमार और सिद्दरामैया को मिला धमकी भरा मेल



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु।** उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने मंगलवार को कहा कि उन्हें और मुख्यमंत्री सिद्दरामैया को एक ईमेल मिला है जिसमें 25 लाख अमेरिकी डॉलर (20.7 करोड़ रुपये) का भुगतान नहीं करने पर राज्य में विस्फोट करने की धमकी दी गई है। राज्य कांग्रेस प्रमुख ने संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने ईमेल को पुलिस अधिकारियों को भेज दिया है और पुलिस ईमेल भेजने वाले का पता लगाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा मुझे और मुख्यमंत्री सिद्दरामैया को तीन दिन पहले मेल मिला था, यह मेरे फोन में है और मैंने इसे जांच के लिए पुलिस को भेज दिया है। उनके अनुसार, प्रेषक शाहिद खान10786 है, जिसने भविष्य में संवाद के लिए एक और ईमेल आईडी भी साझा की है।

धमकी भरे ईमेल में लिखा है : चेतावनी–एक आपने हमारी फिल्म का ट्रेलर देखा, अगर आप हमें 25 लाख अमेरिकी डॉलर नहीं देंगे तो हम पूरे कर्नाटक में बस, ट्रेन, टैक्सी, मंदिर, होटल और सार्वजनिक स्थानों पर बड़े विस्फोट करेंगे। मेल में कहा गया है, चेतावनी– दो हम आपको एक और ट्रेलर दिखाना चाहते हैं, अगले ट्रेलर में हम अंबारी उत्सव बस में धमाका करेंगे। बस में धमाके के बाद हम सोशल मीडिया पर अपनी मांग उठाएंगे और आपको जो मेल भेजा गया है, उसके स्क्रीनशॉट सोशल मीडिया पर अपलोड करेंगे। हम विस्फोट के बारे में अगली जानकारी सोशल मीडिया पर साझा करेंगे। शिवकुमार ने कहा, 'हमें नहीं पता कि यह मेल फर्जी है, धोखाधड़ी है, सच है, झूठ है या भेजने वाला कोई ब्लैकमेलर है।

# टिकट कटने के बाद भाजपा सांसद ने लिखा, 'मेरा गुनाह क्या था?'



**'आखिर मेरा गुनाह क्या था...? क्या मैं ईमानदार नहीं था? क्या मैं मेहनती नहीं था? क्या मैं निष्ठावान नहीं था? क्या मैं दागदार था? क्या मैंने चूरू लोकसभा में काम करवाने में कोई कमी छोड़ दी थी?'**

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के चूरू से सांसद राहुल कस्वां ने पार्टी द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव के लिए उनकी सीट से दूसरा प्रत्याशी उतारे जाने की घोषणा के बाद सोमवार को सोशल मीडिया पर लिखा, 'आखिर मेरा गुनाह क्या था...?' भाजपा ने चुरू सीट नये चेहरे देवेंद्र झाझड़िया को टिकट दिया है। झाझड़िया पैरालंपिक में दो बार स्वर्ण तथा एक बार रजत पदक जीत चुके हैं। दूसरी बार के सांसद कस्वां ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा, 'आखिर मेरा गुनाह क्या था...? क्या मैं ईमानदार नहीं था? क्या मैं मेहनती नहीं था? क्या मैं निष्ठावान नहीं था? क्या मैं दागदार था? क्या मैंने चूरू लोकसभा में काम करवाने में कोई कमी छोड़ दी थी?'

कस्वां ने आगे लिखा, 'प्रधानमंत्री जी की सभी योजनाओं के क्रियान्वयन में, मैं सबसे आगे था। और क्या चाहिए था? जब भी इस प्रश्न को मैंने पूछा, सभी निरुत्तर और निशब्द रहे। कोई इसका उत्तर नहीं दे पा रहा। शायद मेरे अपने ही मुझे कुछ बता पाएं...।' राजनीतिक गलियारों में कस्वां की इस टिप्पणी को अपनी टिकट कटने पर 'नाराजगी' के रूप में देखा जा रहा है। राहुल कस्वां के पिता रामसिंह चूरू से भाजपा के सांसद और विधायक रह चुके हैं। राहुल की मां कमला कस्वां भी सादुलपुर से भाजपा की विधायक रह चुकी हैं।

उल्लेखनीय है कि भाजपा ने आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर राजस्थान की 25 में से 15 सीटों पर अपने उम्मीदवारों की शनिवार को घोषणा की, जिनमें लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के साथ चार केंद्रीय मंत्रियों के नाम शामिल हैं।

पार्टी ने जिन मौजूदा सांसदों के टिकट काटे हैं उनमें राहुल कस्वां (चूरू), रंजीता कोली (भरतपुर), देवजी पटेल (जालौर), अर्जुन लाल मीणा (उदयपुर) और कनकमल कटारा (बांसवाड़ा) शामिल हैं। हालांकि पार्टी ने राज्य में अभी 10 लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है ।




# राजस्थान वासियों का प्रकृति के प्रति लगाव अद्भुत : मुख्यमंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि रामराज्य की परिकल्पना में केवल मानव जाति का ही नहीं अपितु समस्त जीव-जन्तुओं, पृथ्वी और प्रकृति का कल्याण निहित है। प्रकृति में बेहतर सामंजस्य और संतुलन के आधार पर ही मानव जाति का विकास संभव है। इसलिए हमें प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए संकल्पबद्ध होकर कार्य करना चाहिए। शर्मा मंगलवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में सतत विकास लक्ष्यों में तेजी लाने संबंधी विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मलेन के दूसरे दिन आयोजित समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जीव-जन्तुओं की कई प्रजातियों का लुप्त होना चिंताजनक है। इन्हें बचाने के लिए पर्यावरण संतुलन आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन से मानव जाति का अस्तित्व भी खतरे में है। इसीलिए हमें हमारी मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए ही प्राकृतिक संसाधनों का संतुलित उपयोग करना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें जिम्मेदार नागरिक होने का कर्तव्य पूरा करते हुए आस-पास रह रहे जरूरतमंद व्यक्ति के बारे में भी सोचना चाहिए और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर वंचित व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा एक छोटा सा प्रयास भी किसी के जीवन में बड़ा बदलाव ला सकता है। इससे हमें जो आत्मसंतुष्टि मिलेगी वही हमारा सच्चा पुरस्कार होगा।

शर्मा ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के संकल्प में मानव कल्याण की भावना निहित है। राज्य सरकार इसी संकल्प को साकार करने के लिए समर्पित रूप से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भी मानना है कि सबका साथ, सबका विश्वास, सबका प्रयास और सबका विकास के संकल्प के साथ ही राष्ट्र प्रगति के पथ पर अग्रसर हो सकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रकृति अद्भुत है। यहां प्रत्येक प्राणी का जीवन एक-दूसरे पर निर्भर है और एक जीव दूसरे जीव का पालनहार है। प्रकृति के इसी संतुलन को बनाए रखना वर्तमान समय की आवश्यकता है। हमें हमारी आवश्यकताओं के अलावा भी प्रकृति के प्रति समर्पण का भाव रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजस्थान वासियों में प्रकृति के प्रति लगाव के कई उत्कृष्ट उदाहरण देखने को मिलते हैं जिनमें अमृता देवी का नाम प्रमुख है, जिन्होंने वृक्षों को बचाने के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी थी। इससे पहले मुख्यमंत्री ने यूएनडीपी एसडीजी नॉलेज हब पोर्टल, राज्य सरकार द्वारा तैयार एसडीजी-2 डेशबोर्ड तथा खाद्य एवं पोषण सुरक्षा विश्लेषण डेशबोर्ड का लोकार्पण किया। उन्होंने विभिन्न राज्यों द्वारा एसडीजी के संबंध में किए गए कार्यों पर आधारित स्टॉल्स का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी, सदस्य वी.के. पॉल, वरिष्ठ सलाहकार (एसडीजी) डॉ. योगेश सूरी, संयुक्त राष्ट्र के रेजिडेंट समन्वयक शोम्बी शार्प, आयोजना विभाग के शासन सचिव नवीन जैन सहित केन्द्र एवं राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारीगण एवं सम्मेलन के प्रतिभागीगण उपस्थित रहे।

# दीया कुमारी ने 365 आदर्श आंगनबाड़ी बनाने को दी स्वीकृति

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा है कि राज्य में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी साकार हो रही है और निदेशालय समेकित बाल विकास सेवाएं के तहत राज्य के 365 सामान्य आंगनबाड़ियों को आदर्श आंगनबाडी बनाने की स्वीकृति दी है। इसके लिए प्रत्येक आंगनबाडी केन्द्र पर लगभग पांच लाख रुपये व्यय किये जायेंगे। श्रीमती दीया कुमारी ने बताया कि मोदी के विजन अनुसार तथा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण एवं बच्चों के स्वस्थ एवं शिक्षित भविष्य को सुनिश्चित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इसी क्रम में राज्य के सभी जिलों में प्रत्येक परियोजना/ब्लॉक में से एक सामान्य आंगनबाड़ी को आदर्श आंगनबाड़ी केन्द्र के रूप में विकसित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि प्रदेश के आंगनबाड़ियों के बच्चों को प्ले स्कूल जैसा माहौल उपलब्ध कराने के लिए 365 आंगनबाड़ी केंद्रों को आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राज्य में 365 सामान्य आंगनबाडी केन्द्र को आदर्श आंगनबाडी केन्द्र में विकसित करने के लिये सामान्य मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण, वॉल पेंन्टिग, सौर ऊर्जा, चाइल्ड फ्रेन्डली फर्नीचर, बच्चों के लिये खिलौने, खेलकूद के सामान, रेनवाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रेक्चर का निर्माण, शौचालय में आधुनिक सुविधा, आरओ, एलईडी, सीसीटीवी, वाईफाई, पेनड्राइव, पोषाहार कन्टेन्टर, लाईब्रेरी कॉर्नर आदि सभी प्रकार के कार्य सम्पादित कराये जायेंगें, साथ ही न्यूट्री गार्डन (पोषण वाटिका) को भी विकसित किया जायेगा।



# बच्चों को दृष्टिगत रखकर हो योजनाओं का क्रियान्वयन : कृष्ण कुणाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। स्कूल शिक्षा विभाग के शासन सचिव कृष्ण कुणाल द्वारा मंगलवार को शिक्षा संकुल स्थित राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद में बैठक ली गई। बैठक में कृष्ण कुणाल ने समग्र शिक्षा के अन्तर्गत वार्षिक कार्य योजना एवं बजट 2023-24 के अन्तर्गत गतिविधियों के संबंध में परिचयात्मक बैठक लेकर आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विभाग के समस्त अधिकारियों/कार्मिकों के कृत्यों का सीधा प्रभाव विद्यालयों में पढ़ने वाले अबोध बच्चों पर पड़ता है। बच्चों को दृष्टिगत रखते हुए सही समय पर निर्णय किए जाएं ताकि योजनाओं का लाभ सही समय पर बच्चों को उपलब्ध हो। समग्र शिक्षा के अन्तर्गत अनुमोदित समस्त गतिविधियों को टाइमलाइन के अनुसार संपादित करें।

शासन सचिव ने कहा कि राज्य में लागू होने वाली आदर्श आचार संहिता के मद्देनजर विभिन्न कार्यों की निविदा प्रक्रियाएं प्राथमिकता से पूर्ण की जाए। आगामी सत्र के लिए गतिविधियों की क्रियान्विती की कार्य योजना इस प्रकार बनाई जाए कि गतिविधि के तहत देय सामग्री विद्यालयों में सत्र आरम्भ होने के साथ ही बच्चों को उपलब्ध हो सके।

कुणाल ने निर्देश दिये कि पीएम योजना के अन्तर्गत गुणवत्ता शिक्षा गतिविधियों व निर्माण कार्यों का सूक्ष्मता से विशेष पर्यवेक्षण किया जाए। मॉडल विद्यालय तथा केजीबीवी में अध्ययनरत विद्यार्थियों के रिजल्ट का गुणात्मक विश्लेषण कर, इन्हें वास्तविक रूप में मॉडल के रूप में स्थापित करने हेतु विशेष कार्य योजना बनाकर कार्य किया जाए। इस अवसर पर उन्होंने पूर्व प्राथमिक शिक्षा के लिए परिष्कृत कार्य योजना व व्यावसायिक शिक्षा के अन्तर्गत 12वीं पास विद्यार्थियों के प्लेसमेंट के लिए कार्य योजना प्रस्तुत करने के लिए निर्देश भी दिये। बैठक में राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त अविचल चतुर्वेदी द्वारा समग्र शिक्षा की समस्त गतिविधियों की अद्यतन स्थिति तथा आगामी कार्य योजना के संबंध में विस्तार से बताया गया। बैठक में अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक प्रथम श्रीमती पूनम प्रसाद सागर, अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक द्वितीय सुरेश कुमार बुनकर, समस्त उपायुक्त, उपनिदेशक एवं सहायक निदेशक उपस्थित रहे।

# कांग्रेस पार्षदों को भाजपा में लेने पर जोशी के विरुद्ध प्रदर्शन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चित्तौड़गढ़। राजस्थान में चित्तौड़गढ़ जिले की रावतभाटा नगरपालिका के उपाध्यक्ष सहित छह कांग्रेस पार्षदों को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल करने पर पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी के विरुद्ध भाजपाइयों ने ही मोर्चा खोलते हुए प्रदर्शन किया।

प्राप्त जानकारी अनुसार जोशी अपने प्रचार के लिए रावतभाटा पहुंचे जहां पर नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रकाश देवड़ा सहित छह कांग्रेस पार्षदो ने जोशी के समक्ष भाजपा में शामिल होने की पेशकश की जिसे जोशी ने स्वीकार कर उनके साथ फोटो भी खिंचवाए। उनके यहां से निकलने के तत्काल बाद यहां के भाजपा नेता कमलेंद्र सिंह हाड़ा और नगर भाजपा अध्यक्ष राजेंद्र दशोरा के नेतृत्व में भाजपा पार्षद और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एकत्र हुए और जोशी के खिलाफ नारेबाजी की और यह निर्णय वापस लेने की मांग की।

हाड़ा और दशोरा ने चेतावनी दी कि अगर निर्णय वापस नहीं लिया तो हम सभी पार्टी छोड़ देंगे। उन्होंने कहा कि अगर इन्हें कांग्रेसियों की जरूरत है तो हमारा फिर क्या काम है। इधर प्रदेशाध्यक्ष जोशी ने इस विरोध पर चुप्पी साध ली लेकिन जिला मीडिया प्रभारी ने पार्टी के हवाले से कहा कि अभी इन कांग्रेस पार्षदों को मौखिक रूप से शामिल किया है। जांच के बाद अंतिम निर्णय लिया जाएगा। गौरतलब है कि रावतभाटा नगरपालिका में कांग्रेस का बहुमत है लेकिन प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद कांग्रेस से जुड़ी पालिकाध्यक्ष दीपिका तिलोनी ने इस्तीफा दे दिया था और बाद में सरकार की ओर से भाजपा पार्षद कमलेंद्र सिंह हाड़ा की पत्नी मधुकंवर को पालिकाध्यक्ष बना दिया था।



# विधायक गोपाल शर्मा ने जन्मदिवस पर लिया कृष्ण बलराम का शुभाशीष

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर । जीवन का हर कार्य अगर भगवान का आशीर्वाद लेकर किया जाए तो वो अति मंगलमय और शुभ हो जाता है और अगर बात हो जन्मदिवस की तो यह दिन तो खासकर ईश्वर का शुभाशीष लेने के लिए ही होता है। जगतपुरा के कृष्ण बलराम मंदिर में विधायक गोपाल शर्मा ने भगवान का आशीर्वाद लेकर इस दिन को और खास बनाया। उन्होंने इस ख़ास मौके पर भगवान की विशेष आरती की और हरे कृष्ण महामंत्र का जाप किया, मंदिर के उपाध्यक्ष अनंत शेष दास ने उनका स्वागत किया और साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य और अच्छे स्वास्थय के लिए उन्हें आशीर्वाद दिया।

विधायक गोपाल शर्मा ने मंदिर के उपाध्यक्ष के साथ जीवन में भगवद गीता के महत्व और भगवान कृष्ण के उपदेशों पर चर्चा की और साथ ही मंदिर की अन्य गतिविधियों के बारे में विशेष जानकारी ली। उपाध्यक्ष अनंत शेष दास ने उन्हें चार एकड़ भूमि में निर्माणाधीन हरे कृष्ण कल्चर सेंटर के बारे में बताया जो की राजस्थान का सबसे बड़ा कल्चर सेंटर होने वाला है। उन्होंने गोपाल शर्मा का धन्यवाद किया और उनकी सफलता की कामना की। गौरतलब है की हरे कृष्णा मूवमेंट जयपुर, लोगों में ईश्वरीय चेतना जागृत करने के सिद्धांत पर काम करता है, इस मूवमेंट के संस्थापक आचार्य प्रभुपाद ने कहा कि हम ईश्वर चेतना के माध्यम से मानव समाज को खुशी, अच्छे स्वास्थ्य, मन की शांति और सभी अच्छे गुणों वाले जीवन का अवसर देने का प्रयास कर रहे हैं।

# भर्ती परीक्षा में अनुचित साधनों के उपयोग के लिए 15 प्रशिक्षु उप-निरीक्षक गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान पुलिस ने लीक हुए प्रश्न पत्रों और डमी उम्मीदवारों का उपयोग करके 2021 में परीक्षा पास करने के आरोप में भर्ती परीक्षा के टॉपर समेत पंद्रह प्रशिक्षु पुलिस उप-निरीक्षकों को सोमवार को हिरासत में ले लिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) की एक टीम राजस्थान पुलिस अकादमी पहुंची और वहां प्रशिक्षण ले रहे संदिग्धों को हिरासत में लिया।

अधिकारी ने कहा कि एक उप-निरीक्षक को अजमेर के किशनगढ़ में पुलिस प्रशिक्षण स्कूल से और दो अन्य को उनके गांवों से हिरासत में लिया गया।

राज्य पुलिस के एटीएस और एसओजी के एडीजी वी. के. सिंह ने कहा कि राजस्थान लोक सेवा आयोग ने 2021 में उप-निरीक्षर और प्लाटून कमांडर भर्ती परीक्षा आयोजित की थी।

पुलिस अधिकारी ने कहा, यह जानकारी मिलने के बाद प्राथमिकी दर्ज कराई गई क कि एक आपराधिक गिरोह ने प्रश्न पत्र लीक किया और कुछ उम्मीदवारों की भर्ती कराई। पंद्रह संदिग्ध प्रशिक्षुओं को पूछताछ के लिए एसओजी मुख्यालय लाया गया है। जांच एजेंसी को यह संदेह भी है कि परीक्षा से पहले प्रश्न पत्र प्राप्त करने के अलावा, कुछ ऐसे अभ्यर्थियों के लिए डमी उम्मीदवारों की व्यवस्था की गई थी, जिनमें स्वयं परीक्षा देने की योग्यता नहीं थी।



# केन्द्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने कोटा में 10वें सीएनजी स्टेशन का किया उद्घाटन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोटा । केन्द्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप पुरी ने राजस्थान स्टेट गैस कोटा के 10 वें सीएनजी स्टेशन सहित देश के 201 सीएनजी स्टेशनों का वर्चुअल उद्घाटन किया। इस अवसर पर केन्द्रीय पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री रामेश्वर तेली समारोह में वर्चुअली उपस्थित रहे। मौके पर हरदीप पुरी ने कहा कि ग्रीन एनर्जी की दिशा में आगे बढ़ने के लिए सीएनजी-पीएनजी को अपनाना होगा। उन्होंने उपस्थित लोगों को वर्चुअली संबोधित किया।

राजस्थान स्टेट गैस के प्रबंध निदेशक रणवीर सिंह ने बताया कि केन्द्रीय मंत्री पुरी व राज्य मंत्री तेली द्वारा वर्चुअली उद्घाटन के साथ ही कोटा में आरएसजीएल का 10 वां सीएनजी स्टेशन आरंभ हो गया है। उन्होंने बताया कि इससे पहले आरएसजीएल के 9 सीएनजी स्टेशन वाहनों को सीएनजी सुविधा उपलब्ध करा रहे हैं। आज से जयफिलिंग स्टेशन नया नोरा बारां रोड़ पर आमलोगों को सीएनजी सुविधा उपलब्ध होना शुरु हो गया है। इसके साथ ही कोटा शहर में 10 स्थानों पर आमनागरिकों को सीएनजी उपलब्ध हो सकेगी।

आरएसजीएल एमडी सिंह ने बताया कि राज्य सरकार के उपक्रम आरएसजीएल द्वारा कोटा शहर के आमनागरिकों को सीएनजी पीएनजी सुविधा उपलब्ध कराने के लिए आधारभूत संरचना विकसित की जा रही है वहीं आधारभूत संरचना वाले क्षेत्रों में सीएनजी स्टेशनों से वाहनों के लिए तुलनात्मक सस्ती व ग्रीन एनर्जी के लिए सीएनजी उपलब्ध कराई जा रही है। इसके साथ ही संरचना विकसित क्षेत्रों में पाइप लाईन से घरेलू गैस उपलब्ध कराने के लिए डीपीएनजी कनेक्शन उपलब्ध कराकर पीएनजी सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

# प्रधानमंत्री मोदी अपने लिए नहीं, बल्कि देश के लिए जीते हैं : राज्यवर्धन सिंह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। भारतीय जनता पार्टी लोकसभा क्षेत्र दौसा की चुनाव संचालन समिति की बैठक व नमो एप की कार्यशाला आज यशोधरा लान में आयोजित हुई। बैठक में लोकसभा प्रभारी व उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि भाजपा ने महज 10 साल के भीतर पूरी दुनिया को बता दिया कि विश्व की चर्चा होगी तो, पहले भारत से बात करनी होगी। दुनिया के सबसे बड़े लीडर नरेंद्र मोदी हमारा नेतृत्व कर रहे हैं। अपने लिए नहीं बल्कि देश के लिए जीते हैं। लेकिन घर-घर संदेश पहुंचाने वाला कार्यकर्ता सबसे बड़ा है।



उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने ईआरसीपी लागू कर 21 जिलों की पानी की समस्या का निराकरण करने की अभिनव पहल की है। धारा 370 और राम मंदिर का उदाहरण देकर उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता राष्ट्र हित की बात करें, छोटी-मोटी बातों से दूर रहें। तभी भारत वापस विश्व गुरु और सोने की चिड़िया बन पाएगा। अगले 25 साल में दुनिया का सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र होगा।

उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि जन धन आधार और बैंक खातों को जोड़कर प्रधानमंत्री मोदी की सरकार ने पैसे की चोरी रोक दी। आज धन का लीकेज नहीं होता और इनफॉरमेशन का लीकेज भी नहीं होता कि पार्टी टिकट किसको मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हम सभी मोदी के परिवार हैं। हमें यह करके दिखाना है कि जो देश के लिए जीता है उसके हम सभी परिवार हैं। सभी कार्यकर्ता मिलकर प्रदेश में मिशन 25 को सफल बनाएं।

# महिला ने तीन बच्चों के साथ की आत्महत्या

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अलवर। राजस्थान में अलवर जिले के दुहार चौगान गांव में एक महिला ने अपने तीन बच्चों के साथ कथित रूप से आत्महत्या कर ली है। पुलिस सूत्रों के अनुसार मंजू (35) ने अपने पुत्र दीपांशु (सात), पुत्री दिव्यांशी (आठ) शिवानी (नौ) के साथ अज्ञात कारणों से कथित रूप से जहर खाकर आत्महत्या कर ली। घटना का पता आज सुबह परिजनों को मृतका मंजू की छोटी बहन से तब पता चला, जब उसने फोन करके अपने पिता रमेश चंद इस बारे में सूचना दी। घटना की सूचना मिलते ही, परिवार के लोग मौके पर पहुंचे।

मृतका के भाई ने घटना की जानकारी आज सुबह करीब आठ बजे थानागाजी थाने में दी , जिसके बाद थाना अधिकारी राजेश मीणा अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। थानाधिकारी ने बताया कि आत्महत्या करने के पीछे के कारणों की जांच जारी है।

# ओमप्रकाश राजभर, दारा चौहान, सुनील शर्मा और अनिल कुमार ने मंत्री पद की शपथ ली

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**लखनऊ/भाषा।** उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार के दूसरे कार्यकाल में मंगलवार शाम को पहली बार हुए मंत्रिमंडल विस्तार में ओमप्रकाश राजभर और दारा सिंह चौहान समेत चार मंत्रियों को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। मंगलवार शाम राजभवन के गांधी सभागार में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में चारों को कैबिनेट मंत्री के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

योगी आदित्यनाथ सरकार के दूसरे कार्यकाल (2022-2027) के पहले विस्तार में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दल सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर, राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के पुरकाजी के विधायक अनिल कुमार और भाजपा के विधानपरिषद सदस्य दारा सिंह चौहान तथा गाजियाबाद जिले के साहिबाबाद के विधायक सुनील शर्मा ने पद और गोपनीयता की शपथ ली। सभी ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली है।राजभर गाजीपुर जिले के जहूराबाद क्षेत्र से विधायक हैं। योगी आदित्यनाथ ने 2022 में मुख्यमंत्री के रूप में अपने दूसरे कार्यकाल के लिए पदभार संभाला था। उनके नेतृत्व वाले वर्तमान मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री सहित 18 कैबिनेट मंत्री हैं तथा 14 राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और 20 राज्य मंत्री हैं। मंत्रिपरिषद में फिलहाल अधिकतम 60 मंत्रियों की सीमा के भीतर 52 सदस्य हैं।

इस विस्तार के माध्यम से भाजपा ने आगामी लोकसभा चुनाव से पहले राज्य के विभिन्न क्षेत्रों और विभिन्न जातियों के बीच अपनी मजबूत पकड़ बनाने की पहल की है। राजनीतिक जानकार इसे सपा प्रमुख अखिलेश यादव के पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) के सापेक्ष एक नया पीडीए फार्मूला मान रहे हैं जिसमें पीडीए का निहितार्थ पिछड़ा, दलित और अगड़ा के रूप में निकाला जा रहा है। शपथ लेने वालों में राजभर और चौहान अति पिछड़ी जाति तथा अनिल कुमार अनुसूचित जाति (दलित) और सुनील शर्मा ब्राह्मण (अगड़ा) समाज से आते हैं।

## हमारा एक ही लक्ष्य गरीबों, वंचितों और पिछड़ों की सेवा करना : ओमप्रकाश राजभर

**लखनऊ/भाषा।** उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने मंगलवार को कहा कि उनका एक ही लक्ष्य गरीबों, वंचितों और पिछड़ों की सेवा करना है।

ओमप्रकाश राजभर ने मंगलवार को राजभवन में मंत्री पद और गोपनीयता की शपथ लेने के बाद पत्रकारों से कहा, हमारा एक ही लक्ष्य गरीबों, वंचितों और पिछड़ों की सेवा करना है।

उन्होंने दावा किया कि लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीट जीतेगा। राजभर ने कहा कि सात वर्ष में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य में एक भी दंगा नहीं हुआ।

## इंजीनियरिंग के मूल सिद्धांतों को एआई से बदला नहीं जा सकता, पाठ्यक्रम में बदलाव नहीं : बेहरा



**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), मंडी के निदेशक लक्ष्मीधर बेहरा का कहना है कि कृत्रिम मेधा (एआई) उस स्तर पर नहीं है जहां यह वास्तव में छात्रों को शिक्षित कर सके और इंजीनियरिंग के मूल सिद्धांतों को इसके द्वारा प्रतिस्थापित नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि एआई आने से इंजीनियरिंग कॉलेजों में पाठ्यक्रम को नया रूप देने की जरूरत नहीं है क्योंकि नई प्रौद्योगिकियां अनुसंधान नहीं कर सकती हैं।

बेहरा ने कहा, मुझे नहीं लगता कि अब तक एआई या संबंधित उपकरण उस स्तर पर पहुंच गए हैं जहां यह वास्तव में हमारे छात्रों को वैज्ञानिक अवधारणाओं के साथ-साथ वैज्ञानिक संभावनाओं के संदर्भ में शिक्षित कर सकते हैं। मुझे नहीं लगता कि एआई अभी इस योग्य है क्योंकि हम स्वयं अपनी संज्ञानात्मक प्रक्रियाओं को नहीं समझते हैं। उन्होंने कहा, उदाहरण के लिए, हमारे पास इस बात का कोई उत्तर नहीं है कि एक व्यक्ति गणित को क्यों समझ पाता है और दूसरा व्यक्ति क्यों नहीं।



# भाजपा में शामिल हुए वाराणसी के पूर्व कांग्रेस सांसद राजेश मिश्रा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** आगामी लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को उस समय झटका लगा, जब उत्तर प्रदेश से कांग्रेस के प्रमुख नेता राजेश मिश्रा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए मंगलवार को यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए।

वाराणसी लोकसभा सीट से कांग्रेस के पूर्व सांसद मिश्रा ने यहां भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद और राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी समेत पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में भगवा दल की सदस्यता ली।

मिश्रा ने यहां संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा और अन्य नेताओं के प्रति आभार जताया और कहा कि वह अपना शेष राजनीतिक जीवन भाजपा में ही बिताएंगे। उन्होंने कहा, मेरा प्रयास होगा कि आगामी लोकसभा चुनाव में विपक्षी गठबंधन को इस बार वाराणसी सीट के मतदान केंद्रों पर निगरानी के लिए कोई पोलिंग एजेंट भी न मिले। उन्होंने कहा, मैंने राजनीति की शुरुआत कांग्रेस के साथ की और अब यह निश्चित है कि मैं जीवन भर भाजपा के साथ ही रहूंगा।



# राहुल गांधी और कांग्रेस दिशाहीन हैं : शिवराज सिंह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भोपाल/भाषा।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को दावा किया कि कांग्रेस और उसके नेता राहुल गांधी दिशाहीन हैं। उन्होंने आश्चर्य जताया कि वायनाड से सांसद गांधी ऐसे में देश को कैसे दिशा देंगे। गांधी की चल रही 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' और शाम को उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर की उनकी यात्रा के बारे में पूछे जाने पर, चौहान ने कहा कि बगुला भक्ति (नकली भक्ति) से कुछ नहीं होगा। भाजपा के वरिष्ठ नेता चौहान ने यहां संवाददाताओं से कहा, कांग्रेस और राहुल गांधी दिशाहीन हैं। वह देश को कैसे दिशा देंगे जब वह पार्टी और खुद को दिशा नहीं दे सकते।

आगामी आम चुनाव के लिए मध्य प्रदेश की विदिशा लोकसभा सीट से भाजपा द्वारा मैदान में उतारे गए चौहान मंगलवार को 64 वर्ष के हो गए। उन्होंने कहा कि उनका संकल्प प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत में योगदान देना है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि पेड़ लगाकर पर्यावरण को बचाना तथा महिलाओं और लड़कियों के लिए न्याय सुनिश्चित करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है।इससे पहले चौहान ने भोपाल के स्मार्ट पार्क में पौधारोपण किया। लोकसभा चुनाव से पहले राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा, दो मार्च को राजस्थान के धौलपुर जिले से मध्य प्रदेश में प्रवेश कर गई। मुरैना, ग्वालियर, शिवपुरी और गुना से होते हुए यह मंगलवार को शाजापुर पहुंची। शाम को यात्रा मध्य प्रदेश के उज्जैन पहुंचेगी, जहां गांधी देश के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक, महाकालेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे। यात्रा बुधवार को राजस्थान में फिर से प्रवेश करने वाली है।

# चुनाव में हिंसा की कोई जगह नहीं, बंगाल प्रशासन को निष्पक्ष रहने का निर्देश : सीईसी राजीव कुमार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**कोलकाता/भाषा।** मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने मंगलवार को कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान पश्चिम बंगाल में किसी भी प्रकार की हिंसा बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने पश्चिम बंगाल के प्रशासन को सभी राजनीतिक दलों के लिए समान अवसर सुनिश्चित कराने के कड़े निर्देश दिए हैं। कुमार ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग का लक्ष्य राज्य में स्वतंत्र, निष्पक्ष और हिंसा मुक्त चुनाव कराना है। उन्होंने कहा, चुनाव में भय या धमकी के लिए कोई जगह नहीं है। हमने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि चुनाव के दौरान प्रशासन का पक्षपातपूर्ण रवैया बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लोकतंत्र के इस उत्सव में किसी भी प्रकार की हिंसा को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कुमार ने कहा कि पश्चिम बंगाल में निष्पक्ष तरीके से पर्याप्त केंद्रीय बलों को तैनात किया जाएगा।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने यह भी बताया कि कानून प्रवर्तन एजेंसियों और अन्य संबंधित संस्थाओं को प्रलोभनों, विशेष रूप से मादक पदार्थ, सोने और नकली भारतीय मुद्रा के प्रवाह को रोकने के लिए अंतरराज्यीय और अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर कड़ी निगरानी बनाए रखने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने राज्य और जिला प्रशासन के अधिकारियों से ''पहले आओ पहले पाओ'' के सिद्धांत के आधार पर पार्टियों को चुनाव प्रचार के लिए मैदान और बैठक स्थानों की अनुमति देने में पारदर्शिता सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। कुमार ने कहा, किसी भी नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों या संविदा कर्मचारियों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से चुनाव कर्तव्यों या कानून-व्यवस्था बनाए रखने का काम नहीं सौंपा जाना चाहिए।

# मोदी के खिलाफ लालू प्रसाद की टिप्पणी पर सीतारमण ने कहा : पूरा देश उनका परिवार है

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**पटना/भाषा।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के परिवार को लेकर राजद नेता लालू प्रसाद द्वारा की गई टिप्पणी के लिए उनकी आलोचना करते हुए कहा कि पूरा देश प्रधानमंत्री का परिवार है।

सीतारमण ने कहा, प्रधानमंत्री ने जो कहा, वह सही है। पूरा देश उन्हें अपना परिवार मानता है। पूरा देश प्रधानमंत्री का परिवार है। इस तरह के 'तुच्छ' बयान देना सही नहीं है और यह बेहद निंदनीय है। उन्होंने कहा, उन्होंने (लालू ने) दशकों तक राजनीति के क्षेत्र में काम किया है और राज्य के मुख्यमंत्री रहे हैं। लोगों को उनके (लालू) जैसे वरिष्ठ नेता से इस तरह की टिप्पणी की उम्मीद नहीं है। राजनीति में मर्यादा बनाए रखनी चाहिए। भाजपा ने प्रधानमंत्री के खिलाफ ऐसी टिप्पणी करने पर राजद प्रमुख को करारा जवाब दिया है। रविवार को पटना में अपनी जन विश्वास महारैली के दौरान लालू प्रसाद ने कटाक्ष किया था, अगर नरेन्द्र मोदी के पास अपना परिवार नहीं है तो हम क्या कर सकते हैं? वह राम मंदिर के बारे में डींगें हांकते रहते हैं। वह एक सच्चे हिंदू भी नहीं हैं। हिंदू परंपरा के अनुसार माता-पिता के निधन पर बेटे को अपना सिर और दाढ़ी मुंडवाना चाहिए। लेकिन मोदी ने ऐसा तब नहीं किया जब उनकी मां की मृत्यु हो गई थी। सारण जिले में 'क्रेडिट आउटरीच' कार्यक्रम में भाग लेने के लिए पटना पहुंची केंद्रीय वित्त मंत्री का यहां उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं ने स्वागत किया।

# रेणुका मिश्रा को उप्र पुलिस भर्ती बोर्ड के अध्यक्ष पद से हटाया गया, राजीव कृष्णा को जिम्मेदारी

**लखनऊ/भाषा।** उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक होने और परीक्षा रद्द करने के बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने मंगलवार को उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की अध्यक्ष रेणुका मिश्रा को हटा दिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। सरकार ने 1990 बैच की भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) की अधिकारी रेणुका मिश्रा को 14 जून 2023 को महानिदेशक व अध्यक्ष उप्र पुलिस भर्ती व प्रोन्नति बोर्ड की जिम्मेदारी सौंपी थी। उन्होंने बताया कि 1991 बैच के आईपीएस अधिकारी सतर्कता निदेशक राजीव कृष्ण को बोर्ड की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है। प्रश्नपत्र लीक होने के आरोपों के बाद राज्य सरकार ने 24 फरवरी को उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा रद्द कर दी थी और छह महीने के भीतर दोबारा परीक्षा कराने का आदेश दिया था।

# न्यायाधीश पद से इस्तीफे के बाद अभिजीत गंगोपाध्याय ने भाजपा में शामिल होने का ऐलान किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**कोलकाता/भाषा।** कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश पद से इस्तीफा देने के कुछ घंटों बाद अभिजीत गंगोपाध्याय ने मंगलवार को ऐलान किया कि वह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस ''भ्रष्टाचार का पर्याय'' है और वह मजबूती से लड़ेंगे। गंगोपाध्याय ने कहा, मैं संभवत: सात मार्च को भाजपा में शामिल हो रहा हूं। मैं भाजपा में शामिल हो रहा हूं क्योंकि यह बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ रही है।

यह पूछे जाने पर कि क्या वह लोकसभा चुनाव लड़ेंगे, गंगोपाध्याय इसका कोई सीधा जवाब नहीं दिया। न्यायाधीश पद पर रहने के दौरान शिक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर उनके फैसलों के कारण राजनीतिक चर्चाएं छिड़ गई थीं। उन्होंने कहा, यह भाजपा नेतृत्व पर निर्भर करता है कि वे मुझे चुनाव लड़ाना चाहते हैं या नहीं। वे जो कुछ भी फैसला करेंगे मुझे स्वीकार्य होगा। गंगोपाध्याय ने कहा कि वह तृणमूल कांग्रेस के 'अन्याय' और 'भ्रष्टाचार' के खिलाफ लड़ेंगे। उन्होंने कहा, तृणमूल कांग्रेस के नेता कुछ समय से मेरे खिलाफ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं। यदि उन्हें कोई फैसला पसंद नहीं है तो वे मौखिक रूप से किसी न्यायाधीश की आलोचना नहीं कर सकते। इस तरह के उकसावे ने मुझे राजनीति में आने और बंगाल में भ्रष्टाचार के पर्याय टीएमसी से लड़ने का फैसला करने में मदद की। न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय ने कहा, पश्चिम बंगाल में टीएमसी के दिन गिने-चुने रह गए हैं। माकपा नीत वाम मोर्चा 2009 के लोकसभा चुनावों में धराशायी हो गया, जिसकी परिणीती 2011 के विधानसभा चुनावों में उसकी हार के रूप में हुई। टीएमसी का भी यही हश्र होगा। भाजपा में शामिल होने के विषय पर उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों में इस बारे में फैसला लिया गया। उन्होंने कहा, मैं पिछले कुछ दिनों से छुट्टी पर था और भाजपा के संपर्क में था। उन्होंने मुझसे संपर्क भी किया। मुझे लगा कि यह टीएमसी के खिलाफ लड़ने का सही मंच है।

## राहुल गांधी की ''हल्की टिप्पणियां'' कांग्रेस को और गर्त में ले जाएंगी : पटेल



**इंदौर/भाषा।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर ''भारत जोड़ो न्याय यात्रा'' के दौरान अमर्यादित भाषा के इस्तेमाल का आरोप लगाते हुए मध्यप्रदेश के काबीना मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने मंगलवार को कहा कि देश के नेतृत्व के बारे में गांधी की कथित तौर पर हल्की टिप्पणियां कांग्रेस को और गर्त में ले जाएंगी। गांधी की अगुवाई वाली ''भारत जोड़ो न्याय यात्रा'' फिलहाल मध्यप्रदेश से गुजर रही है।

यात्रा के दौरान सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ गांधी के तीखे हमलों को लेकर प्रतिक्रिया मांगे जाने पर पटेल ने यहां संवाददाताओं से कहा, देश के लोकतंत्र में अमर्यादित भाषा कभी स्वीकार्य नहीं है। देश के नेतृत्व का लोहा दुनिया मानती है। इस नेतृत्व के बारे में (गांधी द्वारा) हल्की टिप्पणियां कांग्रेस को और गर्त में ले जाएंगी। उन्होंने कहा कि इन दिनों कांग्रेस के खेमे से लोग भाग रहे हैं और कांग्रेस को ऐसी टिप्पणियां शोभा नहीं देतीं।

# तेजस्वी ने मोदी के परिवार वाले बयान पर लालू का किया बचाव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**पटना/भाषा।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर पार्टी सुप्रीमो और अपने पिता लालू प्रसाद की टिप्पणी का बचाव करते हुए मंगलवार को भाजपा के नेताओं के अपने नाम के साथ ''मोदी का परिवार'' जोड़ने पर उनके द्वारा जनता का ध्यान भटकाने का आरोप लगाया।

यादव ने यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि भाजपा नेताओं द्वारा अपने नाम के साथ ''मोदी का परिवार'' जोड़ना उनके द्वारा 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले ''मैं भी चौकीदार'' बयान की याद दिलाता है जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ''चौकीदार चोर है'' का नारा दिया था।

बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्रीज यादव ने कटाक्ष करते हुए कहा, मुझे खुशी है कि लालू जी के शब्दों का इतना प्रभाव है। पर उन्होंने गरीबी और बेरोजगारी जैसे मुद्दों के बारे में भी बोला था, उनका क्या। उन्होंने और भी बहुत सारी बातें कही थीं।

यहां अपनी जन विश्वास महारैली के दौरान रविवार को लालू प्रसाद ने कटाक्ष किया था, अगर नरेन्द्र मोदी के पास अपना परिवार नहीं है तो हम क्या कर सकते हैं। वह राम मंदिर के बारे में डींगें हांकते रहते हैं। वह एक सच्चे हिंदू भी नहीं हैं। हिंदू परंपरा के अनुसार माता-पिता के निधन पर बेटे को अपना सिर और दाढ़ी मुंडवाना चाहिए। मोदी ने ऐसा तब नहीं किया जब उनकी मां की मृत्यु हो गई थी। यादव ने कहा, प्रधानमंत्री का दावा है कि वह पूरे देश को अपने परिवार की तरह मानते हैं। अगर ऐसा है तो उनकी सरकार ने हाल के किसानों के विरोध प्रदर्शन को इतनी बेरहमी से कुचलने की कोशिश क्यों की।

## असम पुलिस 'न्याय यात्रा' हिंसा पर राहुल गांधी को समन जारी करेगी : हिमंत



**बोंगाईगांव/गुवाहाटी/भाषा।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को कहा कि राज्य पुलिस गुवाहाटी में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान हिंसा को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी को समन जारी करेगी।

शर्मा ने कहा कि पुलिस लोकसभा चुनाव के बाद नोटिस भेजेगी और गांधी को पुलिस के समक्ष शारीरिक रूप से उपस्थित होना होगा। उन्होंने यहां एक आधिकारिक समारोह से इतर संवाददाताओं से कहा, जब कोई कानून तोड़ता है, तो जाहिर तौर पर समन जारी किया जाएगा। समन राहुल गांधी के पास जाएगा और उन्हें लोकसभा चुनाव के बाद यहां खड़ा होना होगा।

मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि कांग्रेस विधायक जाकिर हुसैन सिकदर और असम कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा को जारी समन इस प्रक्रिया की शुरुआत है।

# इंग्लैंड के खिलाफ 2012 श्रृंखला मेरे लिए निर्णायक मोड़ थी : रविचंद्रन अश्विन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**धर्मशाला/भाषा।** भारत के सीनियर आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने मंगलवार को कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ 2012 की शृंखला उनके कैरियर का निर्णायक मोड़ थी क्योंकि उससे मिली सीख से ही वह ऐसे गेंदबाज बन सके जोकि आज वह हैं।

इंग्लैंड ने वह शृंखला 2 . 1 से जीती थी जो भारत में 1984 . 85 के बाद शृंखला में उसकी पहली जीत थी। अश्विन उस शृंखला में अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतर सके और एलेस्टेयर कुक तथा केविन पीटरसन ने उन्हें आराम से खेला।

बारह बरस बाद अश्विन ने उस शृंखला को अपने कैरियर का निर्णायक मोड़ बताया।

अश्विन ने अपने सौवे टेस्ट मैच से पहले प्रेस कांफ्रेंस में कहा, इंग्लैंड के खिलाफ 2012 की शृंखला मेरे लिए निर्णायक मोड़ थी। इसने मुझे बताया कि मुझे कहां सुधार करना है। उन्होंने कहा, कुक ने यहां आकर आसानी से रन बनाए। उस पर काफी बात हुई लेकिन मेरे लिए वह शृंखला और उसके बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शृंखला ने बहुत कुछ बदला। मेरे टीम से बाहर रहने पर काफी बात हुई। मैने पहले अच्छा खेला था तो मुझे समझ में नहीं आया कि ऐसा क्यो हुआ। अश्विन ने चार टेस्ट में 14 विकेट लिए थे। उन्होंने कहा, ' मेरे बारे में कई लेख लिखे गए और इसने मुझे सोचने पर मजबूर किया कि कहां गलती हुई। यह सबक मुझे हमेशा याद रहा। इंग्लैंड के खिलाफ यहां सात मार्च से शुरू हो रहे पांचवें और आखिरी टेस्ट के जरिये अश्विन अपने कैरियर के सौ टेस्ट पूरे करेंगे। उन्होंने इस बारे में कहा, यह बड़ा मौका है। गंतव्य से ज्यादा सफर खास रहा है। मेरी तैयारी में इससे कोई बदलाव नहीं आया है। हमें टेस्ट मैच जीतना है। कैरियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा, बर्मिंघम में 2018 . 19 में मेरे टेस्ट कैरियर का सर्वश्रेष्ठ स्पैल रहा। मैने दोनों पारियों में गेंदबाजी की। तीसरे दिन सुबह गेंदबाजी करके तीन विकेट लिए। उन्होंने कहा, मैने मैच में सात विकेट लिए और टीम को जीत के करीब ले गया था लेकिन हम वह मैच जीत नहीं सके। भारत वह मैच 31 रन से हार गया था।

# हिंदू देवताओं का अपमान 'इंडि' गठबंधन के राजनीतिक एजेंडे की पहचान : भाजपा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) नेता ए राजा की हिंदुत्व और भगवान राम के खिलाफ कथित टिप्पणी को लेकर विपक्षी 'इंडि' गठबंधन पर मंगलवार को निशाना साधा और कहा कि सार्वजनिक रूप से भारत के लोकाचार का अपमान करना और हिंदू देवी-देवताओं को अपमानित करना उसके राजनीतिक एजेंडे की पहचान बन गई है।

भाजपा मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि द्रमुक सांसद राजा ने तमिल में अपने हालिया भाषण में कहा है, भारत एक राष्ट्र नहीं है। इसे अच्छी तरह समझो। भारत कभी भी एक राष्ट्र नहीं है। एक राष्ट्र का अर्थ है एक भाषा, एक परंपरा, एक संस्कृति। तभी, यह एक राष्ट्र है। भारत एक राष्ट्र नहीं बल्कि एक उपमहाद्वीप है।

प्रसाद ने द्रमुक नेता की कथित टिप्पणी पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए आरोप लगाया, यह माओवादी विचारधारा है। प्रसाद के मुताबिक राजा ने यह भी कहा, अगर यह आपका जय श्री राम है, अगर यह आपकी भारत माता की जय है, तो हम जय श्री राम और भारत माता को कभी स्वीकार नहीं करेंगे। तमिल स्वीकार नहीं करते। आप जाइए और कहिए कि हम राम के शत्रु हैं।

भाजपा नेता ने मांग की कि कांग्रेस और 'इंडि' के अन्य घटक दल आगे आएं और कहें कि क्या वे द्रमुक नेता की टिप्पणी से सहमत हैं। प्रसाद ने आरोप लगाया, हम इस तरह की टिप्पणी की कड़ी निंदा करते हैं। उन्होंने पूछा, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका (गांधी वाद्रा), मल्लिकार्जुन खरगे... क्या आप इसे (राजा की टिप्पणी को) सही मानते हैं?'' भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि भारत की पहचान को बदनाम करना और भारतीय आस्था का अपमान करना 'इंडि' गठबंधन की आदत और राजनीतिक एजेंडा बन गया है।

## सुविचार

**जिंदगी में दो चीजें भूलना बहुत मुश्किल है, एक दिल का घाव और दूसरा किसी के दिल के साथ लगाव।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# इतिहास पढ़ें मुइज्जू

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू भारत के साथ संबंधों को बिगाड़ने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रहे हैं। कहीं कोई कसर बाकी न रह जाए, इसके लिए मुइज्जू ने बयानों की झड़ी लगा दी है। वे कह रहे हैं कि उनके देश में 10 मई के बाद एक भी भारतीय सैन्यकर्मी मौजूद नहीं रहेगा, यहां तक कि सादे कपड़ों में भी नहीं! वास्तव में मुइज्जू अपने देशवासियों के बीच यह भ्रम फैलाना चाहते हैं कि भारतीय सैन्यकर्मियों की मौजूदगी (जितनी भी है) से मालदीव की सुरक्षा को खतरा है! जब वे 'भारतीय सैन्यकर्मी' कहते हैं तो कई लोगों को लगता होगा कि मालदीव में भारत के हजारों सैनिक होंगे! जबकि वास्तविकता यह है कि मालदीव में भारत के सैन्यकर्मियों की संख्या एक सौ भी नहीं है। मात्र 88 सैन्यकर्मी वहां इसलिए तैनात हैं, ताकि जब इस देश को मदद की जरूरत पड़े तो वह तुरंत उपलब्ध हो जाए। भारत को आंखें दिखाने से पहले मुइज्जू अपने देश का इतिहास क्यों नहीं पढ़ते? उन्हें ज्यादा पन्ने पलटने की जरूरत नहीं है। सिर्फ साल 1988 तक का इतिहास पढ़ लें। इससे उन्हें पता चल जाएगा कि किस तरह अब्दुल्ला लुथुफी के नेतृत्व में मालदीव में तख्तापलट का प्रयास किया गया था। उस समय मालदीव की सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए कई अलगाववादी संगठनों ने धावा बोल दिया था। मालदीव के नेताओं के होश हिरण हो गए थे। स्थानीय सुरक्षा बल उस तख्तापलट को विफल करने में सक्षम ही नहीं थे। उनकी स्थिति नक्कारखाने में तूती की आवाज से ज्यादा कुछ नहीं थी। तब भारत ने मदद का हाथ बढ़ाया था। भारतीय सैनिकों ने अपनी जान की बाजी लगाने के लिए हुंकार भरी थी और मालदीव को अलगाववादियों के शिकंजे से मुक्त कराया था।

मालदीव की जो भौगोलिक स्थिति है, वह भविष्य में भी अलगाववादियों को तख्तापलट जैसा कदम उठाने के लिए उकसा सकती है। जिस तरह चीन और पाकिस्तान से उसकी नजदीकियां बढ़ रही हैं, कोई आश्चर्य नहीं अगर ये दोनों देश ही वहां तख्तापलट की कोशिश करवा दें! उस परिस्थिति में (अगर वहां भारतीय सैन्यकर्मियों की उपस्थिति न हो) मालदीव की सरकार किससे मदद मांगेगी? जब तक वह संदेश भेजेगी, अलगाववादी अपना काम पूरा कर चुके होंगे! मोहम्मद मुइज्जू को यह भी मालूम होना चाहिए कि अभी जो भारतीय सैन्यकर्मी मालदीव में हैं, वे मुख्य रूप से दो हेलीकॉप्टरों और एक विमान का संचालन करने के लिए हैं। इन हेलीकॉप्टरों और विमान का इस्तेमाल किन कार्यों में होता है? ये मालदीव के लोगों की मदद करने के लिए इस्तेमाल किए जाते हैं। खासतौर से जब किसी को गंभीर चिकित्सा परिस्थितियों के कारण अस्पताल ले जाना हो अथवा तूफान, बाढ़ आदि आने पर बचाव एवं राहत अभियान चलाना हो। पूर्व में इनके जरिए भारतीय सैन्यकर्मियों ने अनेक लोगों के प्राण बचाए थे, लेकिन मोहम्मद मुइज्जू अपने देशवासियों को यह नहीं बताएंगे। वे बीजिंग जाकर शी जिनपिंग की चरण-वंदना कर आए हैं। उन्हें भ्रम हो गया है कि वे मालदीव के ऐसे अनूठे नेता बन गए हैं, जो विदेश नीति की दिशा ही मोड़ देंगे। उन्होंने मेडिकल बचाव मिशन के लिए विमानों का संचालन करने के वास्ते श्रीलंका से समझौता किया है। जबकि श्रीलंका तो खुद चिकित्सा समेत कई तरह की चीजों/सेवाओं के लिए भारत पर निर्भर है। जब उसके यहां हालात बिगड़े थे तो भारत ने ही सहायता पहुंचाई थी। मोहम्मद मुइज्जू को चाहिए कि वे अपरिपक्व नेता की तरह व्यवहार न करें और दूरदर्शिता दिखाते हुए भारत के साथ संबंधों को मधुर बनाएं।

## ट्वीटर टॉक



आज राजधानी जयपुर में सतत विकास लक्ष्यों पर आयोजित राष्ट्रीय कांफ्रेंस के समापन समारोह में उपस्थित प्रबुद्ध जनों को संबोधित किया तथा प्रदेश के चहुंमुखी विकास को समर्पित हमारे अटल निर्णयों के बारे में सभी को विस्तृत जानकारी दी।

**-भजनलाल शर्मा**

पक्का घर, घर पर नल से जल, गैस कनेक्शन ये कभी गरीब के लिए सपना होता था। लेकिन आज ये हकीकत बन रहा है। जब ऐसे काम होते हैं, तभी लोग कहते हैं कि जहां दूसरों से उम्मीद खत्म हो जाती है, वहां से मोदी की गारंटी शुरू हो जाती है।

**-नरेन्द्र मोदी**





महाराष्ट्र में 3 पहियों की ऑटो चलती है, जिसका नाम महाविकास अघाड़ी है। इस ऑटो के तीनों पहिए पंचर हैं, आप मुझे बताओ ये पंचर वाली ऑटो महाराष्ट्र का विकास कर सकती है क्या? एकनाथ जी और देवेंद्र जी के नेतृत्व में भाजपा ही महाराष्ट्र का विकास कर सकती है।

**-अमित शाह**

## प्रेरक प्रसंग

# सत्याग्रह की सफलता

नील की खेती के शोषण से त्रस्त हो रहे चंपारण के किसानों से मिलने पहली बार बिहार के चंपारण जिले में जाते हुए गांधी जी की ट्रेन आधी रात को मुज़फ़्फ़रपुर पहुंची। उनके स्वागत में लालटेन लेकर आए आचार्य कृपलानी उन्हें खोज-खोज कर थक गये पर उन्हें ढूंढ़ नहीं पाए क्योंकि महात्मा गांधी तीसरे दर्जे में सफ़र कर रहे थे। चंपारण आते ही अंग्रेजों ने गांधी को जगह छोड़ देने का फ़रमान सुनाया।

मगर गांधीजी ने कहा, 'मैं इस आदेश का पालन इसलिए नहीं कर रहा कि मेरे अंदर क़ानून के लिए सम्मान नहीं है बल्कि इसलिए कि मैं अपने अन्तःकरण की आवाज़ को उस पर कहीं अधिक तरजीह देता हूं।' अंततः सरकार को नील किसानों की समस्याओं को सुनने के लिए एक जांच कमेटी बनानी पड़ी। महात्मा गांधी को उसका सदस्य बनाया गया। कमेटी ने एक मत से नील खेती अनुबंध को समाप्त करने की और किसानों के खेत मुक्त करने की सिफ़ारिश की। सारी दुनिया के अखबार इस खबर से पट गये। ये भारत की धरती पर सत्याग्रह का पहला सफल प्रयोग था।

## सामयिक

# सुप्रीम फैसलों ने बढ़ाया देश का मान

रमेश सर्राफ धमोरा
फोन : 9414255034

भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में कई ऐसे फैसले दिए हैं जिससे देश का मान तो बढ़ा ही है। उसके साथ ही वो फैसले न्यायपालिका के क्षेत्र में भी मील के पत्थर साबित होंगे। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसलों से जहां हर देशवासी को गौरवान्वित किया हैं। वहीं देशवासियों का न्यायपालिका के प्रति विश्वास को भी सुदृढ़ किया है। सुप्रीम कोर्ट के इन फैसलों की पूरे देश में सराहना हो रही है। देश के आम आदमी को भी सुप्रीम कोर्ट के फैसले से यह महसूस होने लगा कि हमारे देश में न्याय कभी कमजोर नहीं हो सकता है। हालांकि पिछले कई वर्षों से देश में न्यायपालिका को कमजोर करने के आरोप लग रहे थे। जिनको सुप्रीम कोर्ट के फैसलों ने झूठला दिया है।

सोमवार को वोट के बदले नोट के मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। अब रिश्वत लेकर सदन में वोट दिया या सवाल पूछा तो सांसदों या विधायकों को विशेषाधिकार के तहत मुकदमे से छूट नहीं मिलेगी। सुप्रीम कोर्ट की 7 जजों की संवैधानिक पीठ ने सोमवार को अपना 25 साल पुराना फैसला पलट दिया। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस एएस बोपन्ना, एमएम सुंदरेश, पीएस नरसिम्हा, जेबी पारदीवाला, संजय कुमार और मनोज मिश्रा की संवैधानिक पीठ ने कहा कि हम 1998 में दिए गए जस्टिस पीवी नरसिम्हा के उस फैसले से सहमत नहीं हैं। जिसमें सांसदों और विधायकों को सदन में भाषण देने या वोट के लिए रिश्वत लेने पर मुकदमे से छूट दी गई थी।

वर्ष 1998 में 5 जजों की संवैधानिक पीठ ने 3-2 के बहुमत से तय किया था कि ऐसे मामलों में जनप्रतिनिधियों पर मुकदमा नहीं चलाया जा सकता। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि अगर कोई घूस लेता है तो केस बन जाता है। यह मायने नहीं रखता है कि उसने बाद में वोट दिया या फिर स्पीच दी। आरोप तभी बन जाता है जिस वक्त कोई सांसद घूस स्वीकार करता है। संविधान के आर्टिकल 105 और 194 सदन के अंदर बहस और विचार-विमर्श का माहौल बनाए रखने के लिए हैं। दोनों अनुच्छेद का मकसद तब बेमानी हो जाता है। जब कोई सदस्य घूस लेकर सदन में वोट देने या खास तरीके से बोलने के लिए प्रेरित होता है। आर्टिकल 105 या 194 के तहत रिश्वतखोरी को छूट हासिल नहीं है। रिश्वत लेने वाला आपराधिक काम में शामिल होता है। ऐसा करना सदन में वोट देने या भाषण देने के लिए जरूरत की श्रेणी में नहीं आता है। सांसदों का भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी को नष्ट कर देती है। हमारा मानना है कि संसदीय विशेषाधिकारों के तहत रिश्वतखोरी को संरक्षण हासिल नहीं है।



यह मुद्दा दोबारा तब उठा जब झामुमो विधायक सीता सोरेन ने अपने खिलाफ जारी आपराधिक कार्रवाई को रद्द करने की याचिक दाखिल की। उन पर आरोप था कि उन्होंने 2012 के झारखंड के राज्यसभा चुनाव में एक खास प्रत्याशी को वोट देने के लिए रिश्वत ली थी। सीता सोरेन ने अपने बचाव में तर्क दिया था कि उन्हें सदन में कुछ भी कहने या वोट देने के लिए संविधान के अनुच्छेद 194 (2) के तहत छूट हासिल है। इसी तरह कुछ दिनों पहले सुप्रीम कोर्ट ने एक बड़ा फैसला देते हुए राजनीतिक दलों के लिए चंदा जुटाने की पुरानी इलेक्टोरल बांड स्कीम को अवैध करार देते हुए इसके जरिए चंदा लेने पर तत्काल रोक लगा दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि इलेक्टोरल बांड की गोपनीयता बनाए रखना असंवैधानिक है। यह स्कीम सूचना के अधिकार का उल्लंघन करती है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व में गठित पांच जजों की बेंच ने सर्वसम्मति से फैसला सुनाया था। अपने फैसले में चीफ जस्टिस ने कहा है कि पॉलीटिकल प्रोसेस में राजनीतिक दल अहम यूनिट होते हैं। पॉलीटिकल फंडिंग की जानकारी वह प्रक्रिया है जिससे मतदाता को वोट डालने के लिए सही चॉइस मिलती है। वोटर्स को चुनावी फंडिंग के बारे में जानने का अधिकार है। जिससे मतदान के लिए सही चयन होता है। याचिकाकर्ताओं ने इस योजना को लागू करने के लिए फाइनेंस एक्ट 2017 और फाइनेंस एक्ट 2016 में किए गए कई संशोधन को गलत बताया था। याचिकाकर्ताओं का दावा है कि कि इससे राजनीतिक दलों को बिना जांच और टैक्स भरे फंडिंग मिल रही है। तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली ने 2017 के बजट में चुनावी इलेक्टोरल बांड स्कीम को पेश किया था। जिसे 2 जनवरी 2018 को केंद्र सरकार ने नोटिफाई किया था। दिसंबर 2019 में याचिकाकर्ताओं ने इस योजना पर रोक लगाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में एक आवेदन दिया था। इसमें मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से बताया गया था कि किस तरह चुनावी बांड योजना पर चुनाव आयोग, रिजर्व बैंक की चिताओं को केंद्र सरकार ने दरकिनार कर दिया था।

चुनाव आयोग का मानना था कि चंदा देने वालों के नाम गुमनाम रखने से पता लगाना संभव नहीं होगा कि राजनीतिक दल ने धारा 29 ( बी) का उल्लंघन कर चंदा लिया है या नहीं। विदेशी चंदा लेने वाला कानून भी बेकार हो जाएगा। भारतीय रिजर्व बैंक का मानना था कि इलेक्टोरल बांड मनी लॉन्ड्रिंग को बढ़ावा देगा। इसके जरिए ब्लैक मनी को व्हाइट करना संभव होगा। चुनाव आयोग व रिजर्व बैंक की आपत्ति के बाद सुप्रीम कोर्ट का फैसला अपने आप में ऐतिहासिक माना जा सकता है। कुछ दिनो पूर्व चंडीगढ़ मेयर चुनाव मामले में सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली बेंच ने बड़ा फैसला करते हुए आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार कुलदीप कुमार को मेयर घोषित कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह की तरफ से घोषित बीजेपी कैंडिडेट मनोज कुमार सोनकर को मेयर के तौर पर विजेता घोषित करने का फैसला अवैध है और उसे खारिज किया जाता है। शीर्ष अदालत ने कहा कि पूरे चुनावी प्रक्रिया को खारिज करने से लोकतांत्रिक सिद्धांत के लिए विनाशकारी होगा क्योंकि यह सब पीठासीन अधिकारी के मिसकंडक्ट के कारण हुआ है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पीठासीन अधिकारी मसीह ने जानबूझकर आठ बैलेट पेपर को विकृत किया है। इसलिये उनके खिलाफ मुकदमा चलाए जाने के लिए नोटिस जारी किया है।

सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में अनुच्छेद 142 के तहत विशेषाधिकार का इस्तेमाल करते हुए आदेश पारित करते हुए कहा था कि पूर्ण न्याय के लिए हम निर्देश जारी कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस और चीफ जस्टिस ने बैलेट पेपर और वीडियो का अवलोकन किया और खुद ही परीक्षण किया और पाया है कि वह विकृत नहीं है। शीर्ष अदालत ने कहा कि जो रिजल्ट शीट है उसमें 12 वोट याचिकाकर्ता कुलदीप को मिले हैं। जबकि 16 वोट बीजेपी कैंडिडेट मनोज सोनकर को मिले थे और 8 बैलेट पेपर को पीठासीन अधिकारी ने अमान्य करार दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने इन आठ बैलेट को मान्य करार दिया और कहा कि इनमें वोट कुलदीप कुमार के पक्ष में पड़े थे। शीर्ष अदालत ने कहा कि इस तरह से कुलदीप कुमार को कुल 20 वोट मिले हैं और उन्हें मेयर पद पर विजेता घोषित किया जाता है।

भारत में इस तरह के फैसलों से लोकतांत्रिक प्रक्रिया मजबूत होगी। वहीं गलत कार्य करने वालों के मन में भी भय व्याप्त होगा। उन्हे लगेगा कि उनके गलत कार्यो पर कभी भी कार्यवाही की जाकर उन्हे कटघरे में खड़ा किया जा सकता हैं। इसलिये गलत काम करने वाला सौ बार अच्छे बुरे की सोच कर ही अपना कदम उठायेगा।

## मंथन

# 'मोदी का परिवार' करेगा भाजपा का बेड़ा पार

बाल मुकुन्द ओझा
मोबाइल : 9414441218

लोकसभा चुनावों के नज़दीक आते ही सियासत में नित नए विस्फोट होने लगे है। ताज़ा मामला परिवारवाद पर सुर्खियां लिए है। लगता है परिवारवाद का जिन्न एक बार फिर बोतल से बाहर आगया है। पटना की एक बड़ी रैली में आरजेडी सुप्रीमों लालू यादव ने अपने परिवार की एक सदस्य और अपनी बेटी रोहिणी आचार्य के राजनीति में पदार्पण की घोषणा करते हुए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के परिवार को लेकर हमला बोला। लालू ने कहा मोदी का कोई परिवार नहीं है और मोदी हिन्दू भी नहीं है। इसके जवाब में मोदी ने कहा, भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण में डूबे विपक्षी गठबंधन इंडि के नेता बौखलाते जा रहे हैं। इन्होंने 2024 का असली घोषणा-पत्र निकाला है। मैं इनके परिवारवाद पर सवाल उठाता हूं तो ये बोलने लगे कि मोदी का कोई परिवार नहीं है। उन्होंने लालू यादव का नाम लिए बिना कहा 140 करोड़ जनता उनका परिवार है। इसके साथ ही भाजपा नेताओं ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर अपना बायो चेंज करते हुए मोदी का परिवार लिख दिया है।

लालू यादव ने मोदी के परिवार पर टिप्पणी कर कुछ ऐसी ही गलती कर दी, जो गलती राहुल गांधी ने साल 2019 में लोकसभा चुनाव के पहले की थी। साल 2019 में चुनाव रैली के दौरान कांग्रेस नेता ने 'चौकीदार चोर है का नारा दिया था', जिसके बाद बीजेपी नेताओं ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए 'मैं भी चौकीदार' कैंपेन शुरू किया था। भाजपा ने मोदी के परिवार को लेकर देशभर में मुहीम छेड़ दी। इसके साथ ही लोगों को चौकीदार वाले बयान की याद ताज़ा करा दी। साल 2019 के आम चुनाव से पहले भी नरेंद्र मोदी का एक बयान बड़ा पॉपुलर हुआ था। उन्होंने तब कहा था, मैं चौकीदार हूं। बीजेपी की ओर से इस नारे को लेकर बड़े स्तर पर अभियान भी चलाया गया था और इस बार परिवार वाले नारे पर मोदी का परिवार वाला नारा देखने को मिला है। विपक्षी नेताओं का यह बयान उनके गले की फ़ांस बनते देर नहीं लगा।

भारतीय राजनीति में पंचायत से संसद तक परिवारवाद हावी है। राजनीति में परिवारवाद की गंगोत्री गांधी परिवार को माना जाता हैं, जो मोती लाल नेहरू से शुरू हुआ और आज राहुल गांधी तक पहुंच चुका है। परिवारवाद की परिभाषा यही है कि कोई ऐसा व्यक्ति राजनीति में आए जिसके परिवार का कोई सदस्य पहले भी चुनाव जीत चुका हो या अभी किसी न किसी पद पर कार्यरत हो। इसमें रिश्तेदार भी शामिल होते हैं। 2004 से 2014 के बीच लगभग एक चौथाई सांसद परिवारवाद की राजनीति से आए थे। एक रिपोर्ट कहती है कि ये आंकड़ा 25 प्रतिशत से बढ़कर 2019 में 30 प्रतिशत पहुंच गया है। उत्तर से लेकर दक्षिण और पूरब से लेकर पश्चिम तक राजनीति में परिवारवाद ने अपनी जड़ इतनी ज्यादा मजबूत कर ली है कि उसे हटाना अब नामुमकिन हो गया है। हमारे लोकतान्त्रिक देश में एक दर्जन राज्यों में परिवारवाद की चिंगारी अभी सुलग रही है। यूँ देखा जाये तो राष्टीय स्तर पर भाजपा में वंशवादी राजनीति न के बराबर है जबकि कांग्रेस, सपा, डीएमके, आरजेडी, एनसीपी, लोकदल के नाम से विभिन्न दल, नेशनल कॉन्फ्रेंस, लोक जनशक्ति पार्टी, देवेगौड़ा की पार्टी, अकाली दल जैसे दलों का संगठन और सत्ता एक परिवार विशेष के लिए समर्पित है। कई राजनीतिक विश्लेषक परिवारवाद और वंशवाद की परिभाषा अलग अलग बताते है। इन लोगों की मान्यता के अनुसार यदि संघर्ष के रास्ते कोई भाई अपनी जगह सियासत में बनाकर आता है तो उसे परिवारवाद का दोषी ठहराना उचित नहीं होगा। वहीँ दूसरे पक्ष के विश्लेषक मानते है कि परिवार के सहारे आगे बढ़ना अनुचित है। भारत के लोकतंत्र को समझने वाले लोगो का एक दृष्टिकोण ये भी है की इस देश में वंशवाद और राजशाही को लोकतंत्र का जामा ओढ़ाया गया है। राजशाही के जमाने में और लोकतंत्र में फर्क सिर्फ इतना है कि तब राजा ही अपने बेटे को उत्तराधिकारी घोषित करता था अब वो जनता से घोषित करवाता है। बहरहाल आम जनता की नजर में परिवारवाद और वंशवाद में कोई ज्यादा फर्क नहीं है। लोकतंत्र के लिए यह हितकारी नहीं है।

## नजरिया

# आधुनिकता का विकृत स्वरूप, विस्मृत होती वैदिक परंपराएं

संजीव ठाकुर
मोबाइल : 90094 15415

वर्तमान में आधुनिकता की अंधी दौड़ में हम इस तरह तेज भाग रहे हैं कि हमारी सनातनी परंपराएं धीरे-धीरे पीछे छूट रही हैं और हम आधुनिकता तथा परंपराओं के बीच त्रिशंकु बंद कर लटक रहे हैं। भारतीय वैदिक, सनातनी संस्कृति हमें अपने भारतीय होने का एहसास कराती है। जो हमें विश्व के अन्य देशों से विकास की दौड़ में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। भारत में अनेक परंपराएं ऐसी हैं जो सामाजिक जीवन को अधिक सभ्य एवं अच्छा इंसान बनाए रखने में योगदान देती है। जिनसे मनुष्यता का जीवन जीने की प्रेरणा भी मिलती है। यांत्रिक उपकरणों की तरह जिंदगी जीना भी कोई जीना है। यह भारतीय संस्कृति में पाश्चात्य का घालमेल ही है जो मनुष्य के जीवन को यंत्रवत बना देता है। जो आने वाले कल के लिए घातक भी हो सकती है। वहीं दूसरी ओर पाश्चात्य दर्शन की कुछ विशेषताएं भी हैं, जो हमारे विचारों को अधिक तार्किक तथा बौद्धिक बनाती है। जिससे हम अपना जीवन कार्तिक तथा बौद्धिक बना सकते हैं। जिन्हें हम अपने जीवन में क्रियान्वित कर अपने मनुष्य जाति के जीवन को अधिक सार्थक एवं सुलभ बना सकते हैं। निसंदेह हमें रूढ़ीवादी या एकदम पुरातन पंथी संस्कृति से लगाव न रखकर पाश्चात्य संस्कृति के जो फायदे हैं, उन्हें अपनाकर अपना जीवन सरल सार्थक एवं सुगम बना सकते हैं। परंतु आज वर्तमान में हमने पश्चिम दर्शन से खोखला आधुनिकवाद ओढ़ लिया है ,हम ना अत्यंत आधुनिक ही हो सके हैं और ना ही सही-सही संस्कारित परंपरावादी ही बन पाए हैं हम हम पाश्चात्य दर्शन और भारतीय संस्कार और परंपरा के बीच त्रिशंकु बन कर झूल रहे हैंश्र विवेकानंद जी ने कहा है कि वीणा के तार को ईतना भी ना कसो कि वह टूट जाए, और इतना भी ढीला छोड़ो कि वह बज भी ना पाए, मूलतः हमें दोनों संस्कृतियों की समग्र अच्छाइयों को आत्मसात कर उनकी बुराइयों को त्यागना होगा तब ही जीवन सफल हो सकेगा।

भारतीय संस्कृति अध्यात्म प्रधान है। जबकि पश्चिमी सभ्यता भौतिकता लिए होती है, और उसमें भौतिकता की प्रधानता होती है। आध्यात्मिक प्रधान संस्कृति से तात्पर्य भौतिकता वादी दृष्टिकोण से दूर रहकर भौतिकता वादी होने का ही है। प्राचीन काल से ही भारत देश में 'अतिथि देवो भव' और 'वसुधैव कुटुंबकम' वाली संस्कृति रही है। भारत की सांस्कृतिक धरोहर, विश्वास, भावना,आस्था, धर्म, रीति रिवाज जैसे तथ्यों से भरी पड़ी है। धर्म प्रधान संस्कृति होने के कारण ही इसे आध्यात्मिक प्रवृत्ति वाला देश माना गया है। स्वामी रामकृष्ण परमहंस के शब्दों में यदि कहें तो ईश्वरत और त्याग पर्यायवाची शब्द है। संस्कृति और सदाचार उसकी बाह्य अभिव्यक्तियाँ है। परंपरागत दृष्टिकोण से हम अपने धार्मिक तथा अध्यात्मिक दर्शन को लेकर बहुत हद तक अपने आप को एवं देश को महिमामंडित करने में लगे रहते हैं। किंतु आज आवश्यकता इस बात की है कि हमें पूर्ण रूप से आध्यात्मिक ना होकर वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाकर इस तथ्य का मूल्यांकन किया जाना चाहिए कि 21 सदी में पांचवी एवं छठवीं सदी की मान्यताएं तथा परंपराएं जारी रख उन्हें अपना सकते हैं क्या? आज जब दुनिया वैज्ञानिक चमत्कारों से भरी पड़ी है। दुनिया विज्ञान की प्रगति से चांद तो क्या सूर्य को भी खंगालने का प्रयास कर रही है। मानव का क्लोन बनाकर ईश्वर की सत्ता को चुनौती देने का प्रयास किया जा रहा है। ऐसे में धार्मिक संस्कृति तथा आध्यात्मिकता को आवश्यकता से अधिक महत्व एवं परंपरा में लाना प्रासंगिक एवं तार्किक होगा। निसंदेह नहीं।

पाश्चात्य दर्शन भौतिकता प्रधान एवं वैज्ञानिक संस्कृति है। भौतिकता प्रधान युग से तात्पर्य ऐसी परंपरा जो यथार्थवादी दृष्टिकोण को सर्वाधिक महत्व देती है। वैसे ही भौतिकता का सामान्य मतलब इंद्रिय बोध से साक्षात संबंध रखने वाली वस्तु से है, अर्थात जो वास्तविकता है एवं यथार्थ है वही पाश्चात्य दर्शन है। पाश्चात्य संस्कृति को इसलिए भी वैज्ञानिक एवं वस्तु परख माना जाता है क्योंकि इसमें सूक्ष्म जांच पड़ताल कर वस्तु स्थिति का सही मूल्यांकन अपनाकर एक सामान्य सिद्धांत एवं नियम बनाया जाता है। जिससे भविष्य की बातों को जानकर जीवन को और अच्छा तथा बेहतर बनाने में मदद मिल सके।

वैसे पाश्चात्य संस्कृति में बहुत सी अहितकर बातें भी हैं, जैसे वसुधैव कुटुंबकम की भावना कमतर होते जा रही है। संयुक्त परिवार की प्रणाली का विघटन होते जा रहा है। पारिवारिक वातावरण संघर्ष तथा तनावपूर्ण होते जा रहा हैं। पाश्चात्य संस्कृति की नकल कर लोग परिवार से अलग होकर स्वतंत्र जीवन यापन करना पसंद करते हैं। उनमे विवाह विच्छेद और अन्य विसंगतियां जन्म लेने लगी हैं। धर्म तथा आध्यात्मिक के प्रति आमजन की सूची धीरे धीरे कम होते जा रही है। ऐसो आराम के सामान खरीदने के कारण लोगों के खर्चे अनाप-शनाप बढ़ चुके हैं। बुजुर्गों की इज़्ज़त तवज्जो होनी कम हो गई है। दादा और नाती के संबंधों में अब वह गर्माहट शेष नहीं रह गई है, जैसी की एक सांस्कृतिक तथा नैतिक परिवार जनों में हुआ करती थी। धीरे-धीरे परिवार के सदस्य अलग होकर अकेलेपन की समस्या से जूझ रहे हैं। आने वाली पीढ़ी अपनी संस्कृति एवं आध्यात्मिक प्रवृत्ति भूलती जा रही है। प्रेम विवाह तथा अंतर जाति विवाह पाश्चात्य सभ्यता के कारण बहुत बढ़ गए हैं। जिससे वैवाहिक संबंध टूटने के कगार पर आ जाते हैं। पर दूसरी तरफ पाश्चात्य सोच के कारण स्त्री सशक्तिकरण को बढ़ावा भी मिला है महिलाएं जहां पहले अपने घरों में कैद थी अब उन्मुक्त होकर शिक्षित होकर समाज में सफल होकर पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर व्यवसायिक दृष्टिकोण अपनाकर बड़े-बड़े पदों में कार्य कर रही हैं। समाज में खुलापन भी आ गया है। विकास रोजगार एवं मानवीय सोच में भी काफी विस्तार आया है, जो विश्व की सभ्यताओं में आज मौजूद है, जो भारत के विकास में सहायक भी हैं। कुल मिलाकर बात यह है कि हमें आध्यात्मिक भारतीय परंपरा संस्कृति तथा पाश्चात्य दर्शन तथा पाश्चात्य संस्कृति की सकारात्मक बातें आत्मसात कर विकास की एक नई राह खोजनी होगी, एवं सदैव अच्छी बातों के लिए अपने मस्तिष्क को खुला रखना होगा और पाश्चात्य संस्कृति की विसंगतियों को दूर रख भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देना चाहिए।

महत्त्वपूर्ण
Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law. **Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- **दक्षिण भारत राष्ट्रमत**

## सामुदायिक केन्द्र



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मंगलवार को बिहार के सारण के अमनौर में एक सामुदायिक केंद्र में काम करने वाली महिला स्वयंसेवकों के साथ।

# जल्द ही टेलीविजन को पीछे छोड़ देगा डिजिटल मीडिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नयी दिल्ली। मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में इस साल डिजिटल मीडिया 75,100 करोड़ रुपये के अनुमानित आकार के साथ जल्द ही टेलीविजन को पीछे छोड़ सकता है। उद्योग मंडल फिक्की और ईवाई की मंगलवार को जारी संयुक्त रिपोर्ट में यह कहा गया है। देश के मीडिया और मनोरंजन (एम एंड ई) क्षेत्र में 2023 में 8.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 2.32 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इसके 2024 में 2.55 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने और 2026 तक तीन लाख करोड़ रुपये को पार करने की उम्मीद है।

रिपोर्ट में कहा गया है, हमें उम्मीद है कि एम एंड ई क्षेत्र 2024 तक 10.2 प्रतिशत बढ़कर 2.55 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगा। वहीं 2026 तक संचयी रूप से 10 प्रतिशत वृद्धि के साथ यह 3.1 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगा। हालांकि, 2023 में टेलीविजन 69,600 करोड़ रुपये के साथ सबसे बड़ा खंड रहा। लेकिन 2022 में 70,900 करोड़ रुपये के मुकाबले इसमें 1.83 प्रतिशत की गिरावट आई। जबकि, 2023 में डिजिटल मीडिया 65,400 करोड़ रुपये को पार कर गया और 2024 में लगभग 75,100 करोड़ रुपये पहुंच जाने की उम्मीद है। यह टेलीविजन मीडिया के 71,800 करोड़ रुपये के आंकड़े से अधिक है।

रिपोर्ट के अनुसार, 2026 में डिजिटल मीडिया लगभग 95,500 करोड़ रुपये का होगा। इसमें 2023-26 के बीच संचयी रूप से 13.5 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है। वहीं टीवी मीडिया 76,600 करोड़ रुपये का होगा। यह डिजिटल मीडिया से करीब 20 प्रतिशत से कम होगा।

फिक्की मीडिया एवं मनोरंजन समिति के चेयरमैन केविन वाज ने कहा, डिजिटल मीडिया 2024 में उल्लेखनीय वृद्धि के लिए तैयार है। यह संभवत: टेलीविजन क्षेत्र को पीछे छोड़कर एम एंड ई क्षेत्र का अग्रणी खंड बन जाएगा। अनुमान है कि डिजिटल मीडिया में इस उछाल के साथ एम एंड ई क्षेत्र की वृद्धि 10 प्रतिशत सालाना पहुंच जाएगी और यह 3.0 लाख करोड़ रुपये का पार कर जाएगा। इस मजबूत वृद्धि का कारण मजबूत डिजिटल बुनियादी ढांचा, ओटीटी (ओवर द टॉप) मंचों को व्यापक रूप से अपनाना, गेमिंग क्षेत्र में महत्वपूर्ण वृद्धि और उपभोक्ताओं के लिए लागत प्रभावी विकल्पों की उपलब्धता का बढ़ना है।

रिपोर्ट में उम्मीद जताई गई है कि बेहतर संचालन व्यवस्था के साथ डिजिटल विज्ञापन संचयी रूप से 13.5 प्रतिशत बढ़कर 84,200 करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक, इंटरनेट की पहुंच लगातार बढ़ने से 'कनेक्टेड टीवी' (स्मार्ट टीवी) में 50 प्रतिशमत वृद्धि दर्ज की गयी। इसमें कहा गया है, ब्रॉडबैंड बाजार बढ़ रहा है और इसके ग्राहकों की संख्या 90.4 करोड़ पहंच गयी है...।

## कांग्रेस द्वारा राम मंदिर उद्घाटन का न्योता ठुकराने पर राहुल को माफी मांगनी चाहिए : मोहन यादव

भोपाल।मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मंगलवार को कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अपनी पार्टी द्वारा जनवरी में अयोध्या में राममंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के निमंत्रण को स्वीकार नहीं करने के लिए पश्चाताप करना चाहिए और माफी मांगनी चाहिए। गांधी का लोकसभा चुनाव से पहले 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान मंगलवार शाम मुख्यमंत्री यादव के गृह क्षेत्र उज्जैन में महाकालेश्वर मंदिर में पूजा करने का कार्यक्रम है। इसके बारे में पूछे जाने पर, यादव ने कहा कि उज्जैन, भगवान की पूजा करने का शहर है।

मुख्यमंत्री ने कहा, मैं कामना करता हूं कि उन्हें (गांधी को) भगवान के दर्शन हों। भगवान उन्हें मध्य प्रदेश की धरती पर सद्बुद्धि दें। उन्हें इस बात का भी मलाल होना चाहिए कि उनकी पार्टी ने भगवान राम के मंदिर के उद्घाटन का निमंत्रण क्यों ठुकरा दिया। उन्हें जनता से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद अयोध्या में मंदिर का निर्माण किया गया।

# कोई भारतीय सैनिक मालदीव में मौजूद नहीं रहेगा, सादे कपड़ों में भी नहीं : राष्ट्रपति मुइज्जू

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



माले। भारत विरोधी बयानबाजी तेज करते हुए मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने कहा कि उनके देश में 10 मई के बाद एक भी भारतीय सैन्य कर्मी मौजूद नहीं रहेगा , यहां तक कि सादे कपड़ों में भी नहीं। मीडिया में आयी एक खबर में मंगलवार को यह जानकारी दी गयी। मुइज्जू का यह बयान तब आया है जब एक सप्ताह से भी कम समय पहले भारत की असैन्य टीम मालदीव में एक उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर का संचालन करने वाले सैन्यकर्मियों की जगह लेने वहां पहुंची थी। मुइज्जू ने अपने देश से भारतीय सैन्यकर्मियों के पहले समूह की वापसी के लिए 10 मार्च की समयसीमा तय की थी।

एक समाचार पोर्टल 'एडीशन डॉट एमवी' ने बताया कि उन्होंने बा द्वीप के इधाफुशी आवासीय समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय सैनिकों को देश से बाहर निकालने में उनकी सरकार की सफलता के कारण झूठी अफवाहें फैला रहे लोग स्थिति को तोड़-मरोड़कर पेश कर रहे हैं।

पोर्टल ने चीन समर्थक माने जाने वाले मुइज्जू के हवाले से कहा, यह कहना कि ये लोग (भारतीय सेना) देश छोड़कर जा नहीं रहे हैं, वे सादे कपड़े पहनकर अपनी वर्दी बदलने के बाद वापस लौट रहे हैं। हमें ऐसे विचार नहीं लाने चाहिए जो हमारे दिलों में संदेह पैदा करें और झूठ फैलाएं। उन्होंने कहा, 10 मई के बाद देश में कोई भारतीय सैनिक मौजूद नहीं रहेगा। न ही वर्दी में और न ही सादे कपड़ों में। भारतीय सेना किसी भी तरह के कपड़ों में इस देश में नहीं रहेगी। मैं विश्वास के साथ यह कहता हूं। उन्होंने यह बयान ऐसे दिन दिया है जब उनके देश ने निशुल्क सैन्य सहायता हासिल करने के लिए चीन के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इससे पहले, पिछले महीने दो फरवरी को दोनों पक्षों के बीच दिल्ली में हुई एक उच्च स्तरीय बैठक में मालदीव के विदेश मंत्रालय ने कहा था कि भारत इस द्वीपीय देश में तीन विमानन प्लेटफॉर्म में अपने सैन्यकर्मियों को बदलेगा और इस प्रक्रिया का पहला चरण 10 मार्च तक पूरा किया जाएगा। पांच फरवरी को संसद में दिए अपने पहले संबोधन में भी मुइज्जू ने ऐसी ही टिप्पणियां की थीं। अभी भारत के 88 सैन्यकर्मी मालदीव में हैं, जो मुख्य रूप से दो हेलीकाप्टर और एक विमान का संचालन करने के लिए हैं। इनके जरिये सैकड़ों मेडिकल बचाव एवं मानवीय सहायता मिशन को पूरा किया गया है। 'एडीशन डॉट एमवी' ने बताया कि देश छोड़कर जाने वाले पहले सैन्य कर्मी अड्डू सिटी में दो हेलीकॉप्टर का संचालन कर रहे भारतीय सैन्य कर्मी हैं। हा धालू द्वीप हनीमाधू और लामू द्वीप काहधू में मौजूद सैन्य कर्मियों के भी 10 मई से पहले मालदीव से जाने की संभावना है। इस बीच, स्थानीय मीडिया में आयी खबरों में यह भी कहा गया है कि मालदीव ने मेडिकल बचाव मिशन के लिए विमानों का संचालन करने के लिए पिछले सप्ताह श्रीलंका के साथ सफलतापूर्वक समझौता किया है।

## यूक्रेन ने काला सागर में रूसी युद्धपोत को समुद्री ड्रोन का इस्तेमाल करके डुबोने का किया दावा

कीव। यूक्रेन ने मंगलवार को दावा किया कि उसने उच्च तकनीक वाले समुद्री ड्रोन का उपयोग करके काले सागर में एक और रूसी युद्धपोत को डुबो दिया है।

यूक्रेन की ओर से यह दावा ऐसे समय किया गया है जब उसकी सेना अग्रिम मोर्चे के पीछे के लक्ष्यों को निशाना बनाना जारी रखे हुए है। रूसी प्राधिकारियों ने दावे की पुष्टि नहीं की। यूक्रेनी सैन्य खुफिया एजेंसी ने कहा कि एक विशेष अभियान इकाई ने बड़े गश्ती जहाज सर्गेई कोतोव को चालक रहित मगुरा वी5 से रात को नष्ट कर दिया। यूक्रेन ने कहा गश्ती जहाज को केर्च जलडमरूमध्य के पास निशाना बनाया गया और वह कथित तौर पर क्रूज मिसाइल और लगभग 60 चालक दल को ले जा सकता था।

यूक्रेन के दावे को तत्काल स्वतंत्र रूप से सत्यापित नहीं किया जा सका और फरवरी 2022 में रूस द्वारा अपने पड़ोसी यूक्रेन पर पूर्ण पैमाने पर आक्रमण किये जाने के बाद शुरू हुई लड़ाई की दुष्प्रचार एक विशेषता रही है।

# विदेश मंत्री जयशंकर ने दक्षिण कोरियाई प्रधानमंत्री से भेंट की, द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



सियोल। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को दक्षिण कोरिया के प्रधानमंत्री हान डक-सू से भेंट की तथा उनके साथ द्विपक्षीय संबंधों को और बढ़ाने के तौर-तरीकों पर चर्चा की। जयशंकर दक्षिण कोरिया और जापान की चार दिवसीय यात्रा के पहले चरण में यहां आये हैं। वह अपनी इस यात्रा के दौरान अपने दक्षिण कोरियाई समकक्ष चो ताई-युल के साथ 10वीं भारत-दक्षिण कोरिया संयुक्त आयोग (जेसीएम) बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगे।

जयशंकर ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, सियोल में आज दक्षिण कोरिया के प्रधानमंत्री हान डक-सू से भेंट कर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। भारत-दक्षिण कोरिया संबंधों के प्रति उनकी सकारात्मक भावना की प्रशंसा करता हूं तथा कल होने वाली संयुक्त आयोग की 10 वीं बैठक से पहले उनके मार्गदर्शन के महत्व को स्वीकारता हूं।

जयशंकर की इस यात्रा से पहले नयी दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने कहा था कि जेसीएम में द्विपक्षीय सहयोग के समूचे दायरे की समग्र समीक्षा होने तथा उसे और मजबूत करने के अवसरों को खंगाले जाने की संभावना है। मंत्रालय का कहना था कि जेसीएम दोनों पक्षों को परस्पर हित के द्विपक्षीय एवं वैश्विक मुद्दों पर विचारों के आदान-प्रदान का मौका भी प्रदान करेगा। दक्षिण कोरियाई प्रधानमंत्री से मुलाकात करने से पहले जयशंकर ने वहां के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार चांग हो-जिन से भेंट की तथा उनके साथ हिंद-प्रशांत क्षेत्र में परस्पर हित के विषयों तथा सम-सामयिक क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर सार्थक वार्ता की। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, मेरी दक्षिण कोरिया की यात्रा की अच्छी शुरुआत हुई। आज सियोल में राष्ट्रीय सुरक्षा निदेशक चांग हो-जिन से मिला। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में परस्पर हित तथा सम-सामयिक क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर उनके साथ सार्थक वार्ता हुई। जयशंकर ने दक्षिण कोरिया के व्यापार, उद्योग एवं ऊर्जा मंत्री ऐन डूकजेउन से भी भेंट की।

उन्होंने कहा, उनके साथ अपने व्यापारिक एवं आर्थिक सहयोग खासकर वर्तमान एवं भावी सहयोग पर व्यापक चर्चा हुई जो भारत-दक्षिण कोरिया संबंध के केंद्र में है। उन्होंने दक्षिण कोरिया के थिंक टैंक के प्रतिनिधियों के साथ भी रोचक वार्तालाप किया। जयशंकर ने कहा, हमारे दोनों देशों के परस्पर हित बढ़ने के साथ हमारा विचार-विमर्श एवं संवाद बढ़ेगा ही। इस यात्रा के दौरान विदेश मंत्री के भारतीय समुदाय से भी मुलाकात करने की संभावना है। भारत एवं दक्षिण कोरिया के बीच विशेष रणनीतिक साझेदारी का विस्तार सहयोग के विविध क्षेत्रों में हुआ है जिसमें व्यापार, निवेश, रक्षा, शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा संस्कृति शामिल हैं।

# अजय देवगन की फिल्म 'मैदान' का पोस्टर आउट

मुंबई/एजेन्सी



एक्टर अजय देवगन ने फुटबॉल कोच सैय्यद अब्दुल रहमान पर बनी अपनी आगामी फिल्म 'मैदान' का एक दिल छू लेने वाला नया पोस्टर शेयर किया है। फिल्म का ट्रेलर 7 मार्च को रिलीज होगा।

अमित शर्मा द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अजय ने 1952 से 1962 के दौरान भारतीय फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम की भूमिका निभाई है। उन्हें रहीम साब के नाम से भी जाना जाता है, उन्हें आधुनिक भारतीय फुटबॉल का वास्तुकार भी कहा जाता है। सोशल मीडिया पर अजय ने एक पोस्टर शेयर किया। जिसमें उन्हें युवाओं को गले लगाते हुए देखा जा सकता है। उनकी आंखों में खुशी के आंसू भी नजर आ रहे हैं। पोस्टर में विशाल भीड़ को टीम का हौसला बढ़ाते हुए दिखाया गया है। पोस्टर में पीछे तिरंगा लहराता दिख रहा है।

पोस्टर में टैगलाइन है 'एक आदमी, एक विश्वास, एक भावना और एक राष्ट्र'। हाल ही में फिल्म 'भोला' में नजर आने वाले एक्टर ने पोस्टर को कैप्शन दिया, ''एक व्यक्ति, एक टीम, एक राष्ट्र और उस अटूट विश्वास का गवाह बनें जिसने फुटबॉल के इतिहास पर एक अविश्वसनीय छाप छोड़ी।'' फिल्म का ट्रेलर 7 मार्च को रिलीज किया जाएगा। इसमें प्रियामणि, रुद्रनील घोष और गजराज राव भी हैं। बोनी कपूर, आकाश चावला, अरुणव जॉय सेनगुप्ता और जी स्टूडियो द्वारा निर्मित यह फिल्म ईद 2024 पर रिलीज होने वाली है।



# वैजयन्ती माला से मिले प्रधानमंत्री मोदी

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड एक्ट्रेस और पद्म विभूषण से सम्मानित वैजयंतीमाला से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुलाकात की है।

दोनों की तस्वीरें खुद पीएम मोदी ने ट्वीट पर शेयर की है और एक्ट्रेस की तारीफ भी की है। इस समय पीएम मोदी चेन्नई दौरे पर हैं जहां वह वैजयंतीमाला से मिले। बता दें, सोमवार को पीएम मोदी ने चेन्नई दौरे पर वैजयंतीमाला से मुलाक़ात की करते हुए उनके साथ कई फोटोज सांझा की है और उन्होंने लिखा- चेन्नई में वैजयंतीमाला जी से मिलकर खुशी हुई।

उन्हें हाल ही में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया है और भारतीय सिनेमा की दुनिया में उनके अनुकरणीय योगदान के लिए पूरे भारत में उनकी प्रशंसा की जाती है। इन फोटोज पर यूजर्स पीएम मोदी की जमकर तारीफ कर रहे हैं। वहीं, हाल ही में वैजयंतीमाला का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ था। इसमें एक्ट्रेस ने राम मंदिर में चल रहे 'रागसेवा' कार्यक्रम में भाग लिया था और परफॉर्म किया था। 90 साल की उम्र में अपने डांस से उन्होंने लोगों का दिल जीत लिया था।

# स्लाइस की ब्रांड एंबेसडर बनी नयनतारा

मुंबई/एजेन्सी



दक्षिण भारतीय फिल्मों की जानीमानी अभिनेत्री नयनतारा स्लाइस की ब्रांड एंबेसडर बन गयी है। आम के शौकीनों के लिए प्रमुख पेय के रूप में पिछले कुछ वर्षों में, स्लाइस ने संपूर्ण देश के घरों में अपनी जगह पक्की की है। स्लाइस ने नयनतारा को अपना नया ब्रांड एंबेसडर बनाया है। नयनतारा ने कहा, मैं स्लाइस परिवार का हिस्सा बनकर और इस प्रतिष्ठित ब्रांड की विरासत में योगदान देकर रोमांचित हूं। मैं ब्रांड की आगामी परियोजनाओं का हिस्सा बनने के लिए उत्सुक हूं। मुझे उम्मीद है कि नया अभियान मेरे प्रशंसकों को अनोखे और मनमोहक तरीके से स्लाइस की रमणीय दुनिया में डुबो देगा। पेप्सिको इंडिया के स्लाइस एंड ट्रॉपिकाना के एसोसिएट डायरेक्टर, अनुज गोयल ने कहा, स्लाइस परिवार में नयनतारा का स्वागत करते हुए हमें खुशी हो रही है और हमें विश्वास है कि जनता के बीच उनकी व्यापक अपील ब्रांडों को हमारे मुख्य उपभोक्ताओं से जुड़ने में मदद करेगी। स्लाइस और नयनतारा दोनों ने परिवारों का मनोरंजन किया है और लोगों को एक प्यारे ढंग से एक साथ लाया है।

## फिल्म 'क्रू' का गाना नैना रिलीज

मुंबई/एजेन्सी। बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर,कृति सैनन और तब्बू की आने वाली फिल्म 'क्रू' का गाना नैना रिलीज हो गया है। फिल्म 'क्रू' का पहला ट्रैक 'नैना' रिलीज हो गया है। इस गाने में करीना, तब्बू और कृति अपने दिकलश अदाओं का जादू चलाती नजर आ रही हैं।गाने को दिलजीत दोसांझ और बादशाह ने गाया है। इस गाने को कम्पोज राज रन्जोध ने किया है। उन्होंने ही इसके लिरिक्स भी लिखे हैं। फिल्म क्रू को बालाजी मोशन पिक्चर्स के बैनर तले बनाया गया है जिसके निर्देशक राजेश कृष्णन हैं।



# फिल्म 'शादी एक रात की' की शूटिंग शुरू

मुंबई/एजेन्सी

निर्माता-निर्देशक रुस्तम अली चिस्ती की आने वाली भोजपुरी फिल्म शादी एक रात की की शूटिंग शुरू हो गयी है। फिल्म शादी एक रात में यश कुमार मुख्य भूमिका में हैं।फिल्म को लेकर रुस्तम अली चिस्ती ने बताया कि यह फिल्म नाम के अनुसार ही बेहतरीन प्लाट पर बन रही है। उम्मीद है दर्शकों को हमारी फिल्म पसंद आएगी। फिल्म में यश कुमार हैं, जो अपने यूनिक अभिनय और सब्जेक्ट वाली फ़िल्में के लिए प्रसिद्ध हैं। वे इस फिल्म में भी एक अलग और नायाब अंदाज में नज़र आयेंगे। फिल्म की कहानी से लेकर संवाद तक सभी दर्शकों को पसंद आने वाले हैं। वही, फिल्म को लेकर यश कुमार ने कहा कि फिल्म शादी एक रात की उन अच्छी कहानी वाली फिल्मों में होगी, जिसे लोग बार बार देखना चाहेंगे। इस फिल्म में मेरी भूमिका अलग है। इसके लिए मैं उत्साहित हूं और खूब मेहनत भी कर रहा हूं। फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है और सेट पर हम एक बड़े फिल्म की कहानी को टाइम लाइन पर उतार रहे हैं। उन्होंने कहा कि भोजपुरी फिल्मों में जो कंटेंट प्रधान फिल्मों की बाढ़ आई है। उसमें हर रोज एक नयी चुनौती होती है अच्छी फिल्मों के साथ जुड़ना और उसमें काम करना है। फिल्म शादी एक रात की यश कुमार के साथ रक्षा गुप्ता, अनारा गुप्ता, पूजा सिंह, समर्थ चतुर्वेदी, अनिता रावत, राधे कुमार, हीरा यादव, संजीव सोलंकी, राजेश तोमड मुख्य भूमिका में हैं।

# 'डॉन 3' के लिए कियारा को मिले 13 करोड़

मुंबई/एजेन्सी



लंबे अरसे से शाहरुख खान की 'डॉन' के पार्ट 3 का इंतजार था। इसका इंतजार इस साल खत्म हुआ। दिलचस्प बात ये है कि इसमें अब की बार रणवीर सिंह डॉन का रोल निभाएंगे। फिल्म में उनके अपोजिट कियारा आडवाणी नजर आएंगी। कियारा को इस फिल्म में एक्शन अवतार में देखा जाएगा। कियारा को डॉन 3 में कास्ट करने के बाद से ही सिने गलियारों में इस बात की चर्चा हो रही थी कि आखिरी इस सफल फ्रेंचाइजी का हिस्सा बनने के लिए कियारा अपनी फीस में कटौती की है या उन्होंने इसके लिए अपनी तय फीस से ज्यादा फीस ली है। इस फिल्म के लिए कितनी फीस मिल रही है, अब इसकी जानकारी भी मिल गई है। 'डॉन 3' का बजट 275 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। यही नहीं इसके लिए कियारा आडवाणीऔर रणवीर सिंह स्पेशल ट्रेनिंग भी ले रहे हैं। अब जब बजट इतना बड़ा होगा तो फीस भी कलाकारों की तगड़ी होगी। कियारा को इस फिल्म के लिए काफी मोटी रकम मिली है। बताया जा रहा है कि ये उनकी अब तक की सबसे अधिक फीस होगी। 'डॉन 3' में कियारा को रणवीर सिंह से भी ज्यादा पीस मिली है। कियारा को इस फिल्म के लिए 13 करोड़ का भारी भरकम चेक दिया गया है। फरहान अख्तर ने इसके लिए दो एक्ट्रेस को चुना था कियारा और कृति सैनन। कियारा के साथ बात बनी और उनको इसमें ले लिया गया। इसकी शूटिंग इस साल अगस्त में शुरू होगी। फिल्म अगले साल यानी 2025 में रिलीज होगी।

RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

जब जीवन में ईश्वर की अनुभूति हो जाती है तो आत्मा और परमात्मा का मिलन स्थापित हो जाता है और मानव जीवन में शांति का संचार हो जाता है। यदि मन में ईश्वर के प्रति प्रेम और विश्वास है तो विपरीत परिस्थितियाँ भी भक्त को नहीं डरातीं। ईश्वर पर विश्वास शांति-सुकून देता है और इसलिए भक्त आनंद की स्थिति में रहता है। ईश्वरीय ज्ञान व्यक्ति को इस ईश्वर से जोड़े रखता है जिससे मन में स्थिरता आती है। ईश्वर से जुड़कर ही व्यक्ति को परम शांति की प्राप्ति होती है।




# उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ होंगे ईशा महाशिवरात्रि के मुख्यअतिथि

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोयम्बटूर। ईशा योग संस्थान में 8 मार्च को होने जा रही महाशिवरात्रि महोत्सव समारोह में मुख्यअतिथि के रूप में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ उपस्थित होंगे। 8 मार्च को शाम 6 बजे से 9 मार्च को सुबह 6 बजे तक चलने वाले इस महाशिवरात्रि महोत्सव को पूरे विश्व में 140 करोड़ से अधिक लोगों द्वारा देखा जाने वाला यह कार्यक्रम 22 भाषाओं में यूटयूब और अन्य चैनलों के माध्यम से प्रसारित होगा। रात भर चलने वाले इस कार्यक्रम में सद्गुरु द्वारा निर्देशित गहन ध्यान, उत्सवपूर्ण संगीत और मंत्रमुग्ध नृत्य प्रदर्शन होंगे।

सद्गुरु, जो शक्तिशाली मध्यरात्रि और ब्रह्म मुहूर्तम ध्यान के माध्यम से लाइव और ऑनलाइन दर्शकों का मार्गदर्शन करेंगे, शिव की भव्य रात पर अपनी रीढ़ को सीधा रखने के महत्व पर जोर देते हैं। सदगुरु कहते हैं इस दिन का महत्व यह है कि मानव शरीर में ऊर्जा का ऊर्ध्वगमन होता है। इसलिए इस रात को हम जागते हुए, जागरूक होकर, अपनी रीढ़ की हड्डी को सीधा रखते हुए बिताना चाहते हैं ताकि हम जो भी साधना कर रहे हैं, उसमें प्रकृति की ओर से भरपूर मदद मिले। यह कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की उपस्थिति होगी और मंच पर शंकर महादेवन, गुरदास मान, पवनदीप राजन, रथजीत भट्टाचार्जी, महालिंगम, मूरलाल मारवाड़ा जैसे प्रसिद्ध कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ देखने को मिलेंगी। ब्रोधा वी, पैराडॉक्स, एमसी हेम, धारावी प्रोजेक्ट जैसे रैपर्स; फ्रांसीसी संगीतकार, साउंड्स ऑफ ईशा और ईशा संस्कृति वहां उपस्थित समाज के सभी क्षेत्रों से पहुंचे हजारों लोगों को देखने को मिलेगी।

उत्सव की शुरुआत ध्यानलिंग में पंचभूत आराधना के साथ होगी, जो तात्विक शुद्धि की एक शक्तिशाली योगिक प्रक्रिया है, इसके बाद लिंग भैरवी महायात्रा, सद्गुरु के प्रवचन, विस्फोटक ध्यान और शानदार आदियोगी दिव्यदर्शनम, जो योग की उत्पत्ति को दर्शाने वाली एक शक्तिशाली दृश्य यात्रा है।

हाल के वर्षों में, ईशा महाशिवरात्रि उत्सव ने लगातार स्ट्रीमिंग रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। इसे दुनिया भर के साधकों के लिए वास्तव में एक गहन, आध्यात्मिक अनुभव बनाने के लिए, रुद्राक्ष दीक्षा, इन द ग्रेस ऑफ योग कार्यक्रम, यक्ष महोत्सव, महाअन्नदानम, और महाशिवरात्रि और शिवांग साधना की पेशकश की जा रही है।

# लक्सस्टार एलईडी मेटा क्रिकेट कप ग्रैंड फिनाले की ओर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। द मद्रास इलेक्ट्रिक ट्रेडर्स एसोसिएशन चेन्नई का लक्सस्टार एलईडी मेटा क्रिकेट कप-2024 का लीग का पांचवा मैच रविवार डाउटन कोरी स्कूल के मैदान में हुआ। जिसके मुख्य सहयोगी लक्सस्टार एलइडी व सहसहयोगी इवनप्लस एलइडी रहे।

मेटा अध्यक्ष हुक्मीचंद डी शाह, ईसी सदस्य प्रेम मूंदड़ा, रमेश कोठारी, आईजी भूतड़ा व टॉस प्रायोजक महावीर चौहान एवम अन्य मेटा सदस्य की उपस्थिति में कार्यक्रम की शुरुआत हुई। पहला मैच सतवासुपरकिंग्स और नमन दि लेजेंड के बीच खेला गया। जिसमें नमन दि लेजेंड ने 8 विकेट से मैच जीत लिया। नमन दि लेजेंड के मैन ऑफ द मैच मेहुल व विशेष प्रदर्शन करने वाले सतवा सुपर किंग्स के भरतकुमार रहे। दूसरा मैच ब्लूलाइन स्ट्राइकर्स और क्लारावर्रियर के बीच खेला गया, जिसमें ब्लूलाइन स्ट्राइकर्स ने 45रन से मैच जीत लिया। ब्लूलाइन स्ट्राइकर्स के मैन ऑफ द मैच सागर रहे। क्लारा वॉरियर्स की ओर से विशेष प्रदर्शन करने वाले कुणाल भंडारी रहे।

तीसरा मैच गोल्डमेडल स्टार्स और महावीर स्मेशर्सके बीच खेला गया, जिसमें गोल्डमेडल स्टार्स ने 34 रन से मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच गोल्डम्मेडल स्टार्स के प्रतीक रहे। महावीर स्मेशर्स के विशेष प्रदर्शन करने वाले धर्मेश रहे।

खेल समिति के स्पोर्ट्स चेयरमैन नवनीत दम्माणी, को-चेयरमैन महेंद्र बिहाणी और अजय कांकलिया, अमित खारीवाल, अशोक डाबी, दर्शन गैलेडा, जीतेन्द्र खिंवासरा, कमलेश धोका, कन्हैयालाल खत्री, नरेन्द्र डूंगरवाल, नितिन दम्माणी, सुनील दोशी, विशाल कांकरिया ने एक स्वर में सभी मेटा सदस्यों से अनुरोध है कि वे आगामी रविवार को आकर ग्रैंड फिनाले में मैच का आनंद लें और इसे एक यादगार अनुभव के रूप में सहेजें।



# संजय भारद्वाज को छत्रपति शिवाजी महाराज राष्ट्रीय एकता सम्मान



संजय भारद्वाज हिंदी आंदोलन परिवार के संस्थापक-अध्यक्ष हैं। हिंदी आंदोलन परिवार विगत तीस वर्ष से पुणे में हिंदी और भारतीय भाषाओं के विभिन्न साहित्यिक आयोजनों द्वारा राष्ट्रीय एकता के लिए अनवरत कार्य कर रहा है।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

पुणे। पुणे के सुप्रसिद्ध हिंदी साहित्यकार, स्तंभलेखक एवं समाजसेवी संजय भारद्वाज को महाराष्ट्र सरकार की महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी ने वर्ष 2023-24 का छत्रपति शिवाजी महाराज राष्ट्रीय एकता सम्मान देने की घोषणा की है।

उल्लेखनीय है कि संजय भारद्वाज हिंदी आंदोलन परिवार के संस्थापक-अध्यक्ष हैं। हिंदी आंदोलन परिवार विगत तीस वर्ष से पुणे में हिंदी और भारतीय भाषाओं के विभिन्न साहित्यिक आयोजनों द्वारा राष्ट्रीय एकता के लिए अनवरत कार्य कर रहा है।कवि, लेखक, नाटककार, समीक्षक, रंगकर्मी, संचालक, हिंदी प्रचारक, अनुवादक, संपादक के रूप में संजय भारद्वाज की विशिष्ट सेवाएँ हैं। विभिन्न विधाओं में उनकी 9 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। गत पाँच वर्ष से देश के चार समाचारपत्रों में अविराम प्रकाशित उनका साप्ताहिक स्तंभ 'संजय उवाच' विशेष लोकप्रिय है। इनमें दैनिक 'दक्षिण भारत राष्ट्रमत' भी सम्मिलित है। देश की प्रमुख पत्र-पत्रिकाओं में इनके लेख नियमित रूप से प्रकाशित होते रहते हैं। आकाशवाणी के लिए रेडियोनाटक और रूपकों का लेखन इन्होंने किया है। इन्होंने बड़ी संख्या में नाटक और एकांकी लिखे हैं। 30 से अधिक डॉक्यूमेंट्री फिल्में लिखी हैं। संजय भारद्वाज सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय के हिंदी मंडल, महाराष्ट्र राज्य पाठ्यपुस्तक निर्मिति महामंडल के हिंदी विषयक कार्यसमूह, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी के सदस्य के रूप में अपनी सेवाएँ दे चुके हैं। डीडी सह्याद्रि के 'साहित्य सरिता' कार्यक्रम के अनेक अंकों के लिए अतिथि संचालन किया।संजय भारद्वाज को 50 से अधिक सम्मान मिल चुके हैं। इनमें हिन्दी साहित्य तथा रंगमंच के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए भारत की पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभादेवी पाटिल के हाथों ' विश्व वागीश्वरी सम्मान', हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिये 'हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग' द्वारा ज्ञानपीठ विजेता डॉ. निर्मल वर्मा के हाथों 'सम्मेलन सम्मान', श्रेष्ठ हिंदी साहित्य और समाज सेवा के लिए पद्मभूषण पं झाबरमल शर्मा राष्ट्रीय पुरस्कार कोलकाता, हिंदी साहित्य की सेवा के लिए महाराष्ट्र राष्ट्रभाषा प्रचार समिति द्वारा 'साहित्य सेवा सम्मान' प्रमुख हैं।

# अबू धाबी के बीएपीएस हिंदू मंदिर में उमड़े श्रद्धालु

## पहले रविवार को 65,000 से ज्यादा ने किए दर्शन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अबू धाबी/दक्षिण भारत। संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी में बीएपीएस हिंदू मंदिर के उद्घाटन के बाद, पहले रविवार को 65,000 से ज्यादा श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन किए। इस दौरान सुबह 40,000 से ज्यादा और शाम को 25,000 से ज्यादा श्रद्धालु आए। भारी भीड़ के बावजूद, 2,000 के बैचों में श्रद्धालु धैर्यपूर्वक कतारबद्ध हुए और व्यवस्थित रूप से आगे बढ़ते गए। श्रद्धालुओं ने भगवान का आशीर्वाद प्राप्त कर स्वयं को धन्य महसूस किया। अबू धाबी के सुमंत राय ने कहा, 'हजारों लोगों के बीच मैंने ऐसा अद्भुत क्रम कभी नहीं देखा। मुझे चिंता थी कि घंटों इंतजार करना पड़ेगा और शांति से दर्शन नहीं कर पाऊंगा, लेकिन अद्भुत ढंग से दर्शन हुए। सभी बीएपीएस स्वयंसेवकों और मंदिर सेवादारों को धन्यवाद।'

### सेवादारों ने किया सहयोग

लंदन की प्रवीणा शाह ने बीएपीएस हिंदू मंदिर की अपनी पहली यात्रा का अनुभव बताते हुए कहा, 'मैं दिव्यांग हूं और हजारों आगंतुकों के बावजूद सेवादारों द्वारा दी गई देखभाल उल्लेखनीय थी। मैं लोगों की भीड़ को शांतिपूर्वक एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में ले जाते हुए देख सकती थी।'

### शांतिपूर्वक दर्शन का आनंद

केरल के बालचंद्र ने बताया, 'मैंने सोचा था कि लोगों की भीड़ में खो जाऊंगा, लेकिन इस बात से आश्चर्यचकित था कि यात्रा का प्रबंधन कितनी अच्छी तरह से किया गया था! मैं शांतिपूर्वक दर्शन का आनंद ले सका।' दुबई में 40 वर्षों से रह रहे नेहा और पंकज ने कहा, 'हम इस पल का इंतजार कर रहे थे। मंदिर हमारी सभी उम्मीदों से बढ़कर है! यह एक सच्चा चमत्कार है। हम धन्य महसूस करते हैं, क्योंकि अब हमारे पास यहां आकर प्रार्थना करने और आध्यात्मिकता को महसूस करने के लिए एक जगह है।'



### सांस्कृतिक विरासत की सराहना

अमेरिका के पोर्टलैंड निवासी पीयूष ने कहा, 'इस मंदिर का उद्घाटन विविधता और समावेशन के प्रति यूएई की प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है। यह विभिन्न समुदायों के बीच एकता का सुंदर प्रतिनिधित्व है।' मेक्सिको के लुइस ने कहा, 'मंदिर की वास्तुकला अद्भुत है। मैं भारत की सांस्कृतिक विरासत की सराहना करता हूं। लोगों को यहां आकर इसे देखना चाहिए।'

### आध्यात्मिकता और सद्भाव

मंदिर के ब्रह्मविहारीदास स्वामी ने कहा, 'हम नई बस सेवाओं और इस दिन को वास्तविकता बनाने में सर्वांगीण सहयोग के लिए संयुक्त अरब अमीरात के नेताओं और स्थानीय अधिकारियों के प्रति बहुत आभारी हैं। हम उन श्रद्धालुओं को भी धन्यवाद देना चाहते हैं, जिन्होंने अपनी यात्रा के दौरान इतना धैर्य दिखाया। यह मंदिर आध्यात्मिकता के प्रतीक और सद्भाव के केंद्र के रूप में काम करेगा। यह सभी तरह की पृष्ठभूमि और विश्वासों के लोगों को एकसाथ लाएगा।' अबू धाबी में बीएपीएस हिंदू मंदिर आध्यात्मिक और सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा देने के साथ ही विविधता और समावेशन के लिए संयुक्त अरब अमीरात के दूरदर्शी दृष्टिकोण का भी प्रमाण है।

### स्वागत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



चेन्नई में सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आगमन हुआ। हवाई अड्डे पर उनका स्वागत में प्रवासी प्रकोष्ठ तमिलनाडु के अध्यक्ष जीतू लोहार ने प्रधानमंत्री का अभिनंदन किया।

# हीरा बाग में हुआ कैंसर जागरूकता और स्वास्थ्य शिविर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। यहां हीरा बाग में हीरा गीत मंडल ने कैंसर जागरूकता और हेल्थ कैंप का आयोजन किया। 250 से अधिक महिलाओं ने रजिस्ट्रेशन कराया। मुख्य अतिथि रमेश बोहरा ने फीता काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की। मंडल के सदस्यों द्वारा मंगलाचरण से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। हीरा बाग के अध्यक्ष डॉ भीकमचंद सकलेचा, धनराज रायसन, महेंद्र सोलंकी, कॉन्फ्रेंस युवा अध्यक्ष पदम अच्छा, कर्नाटक प्रांतीय महिला अध्यक्ष रसीला मरलेचा, मार्गदर्शन रतनीबाई मेहता, राष्ट्रीय महामंत्री आरती बुरड आदि उपस्थित थे। शिविर में रामैय्या अस्पताल के डॉक्टर इब्राहिम नागाणुर और उनकी टीम ने महिलाओं का मैमोग्राफी, वेब टेस्ट, बीपी, शुगर, ऑर्थोपेडिक, डेंटल जैसे कई प्रकार के टेस्ट किए। मंडल की अध्यक्ष सपना सिंघवी, कोषाध्यक्ष सुनीता सियाल ने कैंप का संचालन किया। संचालन संगीता गुलेचा ने किया।



# प्रेरणादायी निरंकारी सादा शादियाँ दिव्य युगल के सान्निध्य में सम्पन्न

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षाजी महाराज एवं निरंकारी राजपिताजी के पावन सान्निध्य में दक्षिणी भारत के निरंकारी संत समागम के समापन के बाद 4 मार्च को संत निरंकारी मिशन के समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में 6 युगल परिणय सूत्र में बंधे। नवविवाहित वर-वधुओं को सद्गुरु माताजी ने गृहस्थ जीवन को भक्ति के साथ जीने का आशीर्वाद प्रदान किया और उनके सुखी जीवन की शुभकामनाएं दी। इस सामूहिक विवाह समारोह में, पारम्परिक जयमाला के साथ निरंकारी विवाह का विशेष चिन्ह सांझा हार भी प्रत्येक जोड़ें को मिशन के प्रतिनिधियों द्वारा पहनाया गया। इस दौरान सतगुरु माताजी एवं निरंकारी राजपिताजी ने वर-वधु पर पुष्प-वर्षा कर अपना दिव्य आशीर्वाद प्रदान किया। समारोह में उपस्थित वर-वधु के सम्बधित परिवार एवं साधसंगत ने भी पुष्प वर्षा की। यह निश्चित रूप से ही सादगी का दिव्य दर्शन था। सामूहिक विवाह के उपरांत सभी के लिए भोजन की समुचित व्यवस्था समागम स्थल पर की गई थी। सतगुरु माता ने नवविवाहित जोड़ों को शुभ आशीर्वाद देते हुए मिशन की शिक्षाओं का आधार लेकर उन दिव्य गुणों को अपने जीवन में अपनाने और प्रेमपूर्ण पारिवारिक जीवन जीने को कहा। उन्होंने आगे समझाते हुए कहा की परिवार में अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए सबका सम्मान करते हुए मिशन के सिद्धांतों को अपनाना होगा और सभी के साथ सद्भाव और कृतज्ञता के साथ रहना होगा।





# मीरा कुंदुर सम्मानित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हुब्बल्ली। यहां के वेणूर स्थित भगवान बाहुबली महास्तकाभिषेक महोत्सव के अवसर पर जैनिज़्म फिलेटली में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अनेक उपलब्धियां प्राप्त करने पर संस्कार सीबीएसई स्कूल की छात्रा कुमारी मीरा महावीर कुंदुर को श्री युगलमुनि महाराज, मूडबिद्री के स्वस्तिश्री चारुकीर्ति भट्टारक स्वामीजी, मैसूरु के महाराजा यदुवीर कृष्णदत्त चामराज वडियार, वेणूर के राजा थिम्मन्नारसा, डॉ. पद्मप्रसाद अजलारु के हाथों सम्मानित किया गया। इस अवसर पर चीफ पोस्ट मास्टर जनरल राजेंद्र कुमार, पोस्ट मास्टर जनरल एल दास, राज्य के पूर्व मंत्री अभयचंद्र जैन, एक्सीलेंट शिक्षण फाउंडेशन के अध्यक्ष युवराज जैन, सचिव रश्मिता जैन, संस्कार सीबीएसई स्कूल हुब्बल्ली के अध्यक्ष महावीर कुंदुर आदि उपस्थित थे।

### सम्मान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



यहां प्रसन्न विनायका बलमुरी गणेशा मंदिर के 35वें वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर मंदिर को सजाया गया और भगवान गणेश की सुन्दर झांकी सजाई गई। इस मौके पर विशेष अतिथि के रूप में महेन्द्र मुणोत ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

# गांधीनगर तेरापंथ भवन का नवीनीकरण उद्घाटन 10 को

बेंगलूरु। यहां गांधीनगर के तेरापंथ भवन के नवीनीकरण उदघाटन व अभिनंदन समारोह का आमंत्रण पत्र का विमोचन सोमवार को यशवंतपुर में विराजित साध्वीश्री लावण्याश्रीजी के सान्निध्य में हुआ। ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रकाश बाबेल, पूर्व अध्यक्ष बहादुर सेठिया, निर्वतमान अध्यक्ष गौतम मुथा, मंत्री गौतम डोसी, कोषाध्यक्ष बाबूलाल बाफना, मदनलाल बोराणा, कैलाश बोराणा आदि उपस्थित थे। तेरापंथ भवन के नवीनीकरण एवं उदघाटन समारोह में विशेष विसर्जन कर्ताओं, लिफ्ट अनुदानकर्ता सरावगी और नाहर परिवार एवं पांचवें तल्ले पर स्थित महाश्रमण हॉल के अनुदानकर्ता चोरड़िया परिवार का ट्रस्ट द्वारा अभिनंदन किया जाएगा। आयोजक गौतम मुथा ने साध्वीश्री को सम्पूर्ण आयोजन की जानकारी दी।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत




### विहार

बेंगलूरु के दासरहल्ली तेरापंथ भवन में साध्वीश्री लावण्यश्रीजी मंगलवार को यहां पहुंची। साध्वीश्री का आगामी चातुर्मास सिंधनूर में है जिसके लिए विहाररत हैं। इस मौके पर दासरहल्ली तेरापंथ सभा के अध्यक्ष नवरतन गांधी ने सभी का स्वागत किया। तेरापंथ सभा ट्रस्ट गांधीनगर से अध्यक्ष प्रकाश बाबेल ने ट्रस्ट द्वारा समायोजित सभा भवन के नवीनीकरण एवं अभिनंदन समारोह में आमंत्रण प्रदान किया। इस मौके पर यशवंतपुर सभा अध्यक्ष गौतम मुथा ने विचार व्यक्त किए। संचालन सभा मंत्री प्रवीण बोहरा ने किया।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.